खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 10 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 360 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित: राहुल गांधी पेज 2



पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग बाहर खेल टाइम्स



वाई क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं सम्पादकीय



खामेनेई ने दी ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत पेज 12

# बांग्लादेश हिंसा पर भारत की दो टूक

## विदेश मंत्रालय ने कहा: बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न निंदनीय, खतरे में सुरक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर चिंता जताई।

जायसवाल ने कहा कि हम लगातार देख रहे हैं कि चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। यह चिंताजनक सिलसिला है। ऐसी सांप्रदायिक घटनाओं से तत्काल और



सख्ती से निपटना जरूरी है। ऐसी घटनाओं को व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता, राजनीतिक मतभेद या बाहरी कारणों से जोड़ने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। इस तरह की अनदेखी अपराधियों को और भी

- **अमेरिकी संसद में पेश बिल पर भी प्रतिक्रिया दी**
- **शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर जताया विरोध**

बेखौफ बनाती है और अल्पसंख्यकों के बीच खौफ और असुरक्षा की भावना को और गहरा करती है। अमेरिकी संसद में रूसी तेल की खरीद को लेकर 500 फीसदी टैरिफ का प्रावधान करने वाले विधेयक को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। हम प्रस्तावित विधेयक से अवगत हैं। हम घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों के व्यापक मुद्दे पर हमारा रुख सर्वविदित है। इस प्रयास में हम वैश्विक बाजार की बदलती परिस्थितियों और 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों दोनों से अवगत हैं कि इन्हें पूरा करने के लिए सस्ती ऊर्जा विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध हो। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की।

# देश की आंतरिक सुरक्षा और मजबूत होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-आईईडी और आंतरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित



- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम**

शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी आपरेशन, बम निष्कासन की उन्नत प्रणाली और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं। एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में एनएसजी ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से संभव एक फरवरी को बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो सकता है। केंद्रीय बजट एक फरवरी, रविवार को पेश किया जा सकता है। संसद के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संभावित कार्यक्रम संसदीय मामलों की कैबिनेट कमिटी ने बनाया है। इसके अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का पारंपरिक संबोधन साल के पहले संसद सत्र के पहले दिन होता है। दोनों सदन 29 जनवरी को नहीं मिलेंगे, क्योंकि उसी दिन बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित होगा। संसद में 30 जनवरी को बैठक करेगी। उस दिन इकानॉमिक सर्वे पेश किया जा सकता है।

### हिमाचल में बस दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 12 लोगों की मौत

**नाहन।** हिमाचल के सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 45 लोग सवार थे।

### लालू यादव, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** आगामी बिहार चुनाव के बीच आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय हो गए। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, धारा 120 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत आरोप तय कर दिए हैं।

### गुजरात के राजकोट में 12 घंटे में सात भूकंप आए

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे, जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई शर्मिला टैगोर के वकील को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया। उनके वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते।

दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से वहां है लेकिन कभी किसी को नहीं काटा। इस बात पर कोर्ट ने टैगोर के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या उस कुत्ते को हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर भी ले जाया गया है? सड़कों पर रहने वाले कुत्तों में अक्सर कीड़े-मकोड़े

**याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का किया विरोध**



**कहा: सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते, दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से है, कभी किसी को नहीं काटा**

होते हैं और हॉस्पिटल में ऐसे संक्रमित कुत्तों की मौजूदगी से भयावह स्थिति हो सकती है। क्या आपको इसकी समझ है? हम आपको इस बहस की वास्तविकता से अवगत कराएंगे। आप सच्चाई से बिल्कुल परे हैं और हॉस्पिटल में ऐसे कुत्तों को अच्छा दिखाने या महान साबित करने की कोशिश न करें। वहीं ऑल क्रिएचर्स ग्रेट एंड स्मॉल (एसीजीएस) संस्था की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में कानून पहले से मौजूद हैं, इसलिए कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद ने दखल नहीं दिया है, तो अदालत भी इसमें न आए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं, लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए। सिंघवी ने अरावली केस का उदाहरण दिया, जहां पहले बनी समिति में ज्यादातर अफसर थे एक्सपर्ट नहीं। इसी वजह से उस फैसले पर दोबारा विचार करना पड़ा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर 2025 को अरावली पहाड़ियों को लेकर फैसला सुनाया था। उसके अनुसार 100 मीटर से ऊपर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही 'अरावली हिल्स' माना जाना था। 29 दिसम्बर 2025 को कोर्ट ने अपने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि पहले एक्सपर्ट राय -शेष पृष्ठ दो पर

# चर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण में होगी CBI जांच

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने की संस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध व उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए अंकिता भंडारी प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की संस्तुति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है और आगे भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी के साथ हुई इस अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की। मामले की



फाइल फोटो

- **स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने लिया फैसला**

गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई, जिसका परिणाम यह रहा कि विवेचना और ट्रायल के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी। एसआईटी द्वारा गहन विवेचना के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गई और निचली -शेष पृष्ठ दो पर

# नेहरू की गलतियां स्वीकार करना जरूरी: शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है।

थरूर ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी

- **कहा: लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत, मोदी सरकार उनकी विरोधी**

प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता। थरूर केरल विधानसभा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव के चौथे संस्करण में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेहरू भारतीय लोकतंत्र के संस्थापक थे। उन्होंने इसे मजबूती से स्थापित किया।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में आई-पीएसी कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के विरोध में जादवपुर से हाजरा क्रॉसिंग तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया।

# मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव, मुझे छेड़ोंगे, तो छोडूंगी नहीं: ममता

**कोलकाता/नई दिल्ली।** प. बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई हैं। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा कि कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा। मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है, तो मैं छोड़ती नहीं हूं। इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

- **ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की**
- **कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ व हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाली**

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिये जान से मारने की धमकी दी गई। ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोलकाता के पास साल्ट लेक इलाके से पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने धमकी क्यों दी और इसके पीछे क्या साजिश हो सकती है।

# सिर्फ एक कॉल की वजह से अटका व्यापार समझौता

वाशिंगटन, वार्ता

**डोनाल्ड ट्रम्प** ने जब से अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभाला है, तब से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का दबाव जारी है। इसी के साथ हालिया टिप्पणी में इस भार को और बढ़ाने की आशंका जताई है।

भारत के साथ चल रहे ट्रम्प के रिश्तों के बीच अब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत- अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप न दिए जाने के कारण पर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि



- **अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया**

व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात नहीं की। उन्होंने दावे के साथ कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से ट्रम्प को फोन न करने के कारण यह समझौता अटका हुआ है। हावर्ड लुटनिक ने साफ कहा कि ट्रेड डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं, बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। ऑल-इन पॉडकास्ट में बोलते हुए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने दावा किया कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी को डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी। बकौल लुटनिक भारत सरकार इसके लिए सहज नहीं थी और आखिरकार यह कॉल नहीं की गई, जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। इंटरव्यू में लुटनिक ने कहा कि चलिए साफ कर देता हूं, यह उनकी (ट्रम्प) डील थी, वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सब कुछ करते हैं। सब कुछ पहले से तय था, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ राष्ट्रपति ट्रम्प को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज महसूस कर रहे थे। पीएम मोदी ने फोन नहीं किया, इसलिए सौदा नहीं हुआ।


# सियासी दलों ने की बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज

## उप्र में मतदाता सूची से 2.89 करोड़ नाम हटने के बाद राजनीतिक दलों ने सक्रियता बढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची जारी किए जाने के बाद राज्य में सियासी दलों ने बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज कर दी है।

मसौदा सूची में 2.89 करोड़ नाम हटाए जाने के बाद एक माह की दावे एवं आपत्तियां (क्लेम्स एंड ऑब्जेक्शंस) अवधि के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा है। यह अवधि छह फरवरी तक चलेगी। अधिकारियों की मानें, तो इस प्रक्रिया में विशेष रूप से उन नए युवा मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिन्होंने एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी की है। इसके अलावा वे मतदाता जिनके नाम दस्तावेजों की कमी, अनमैप्ड स्थिति या




■ पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा

गणना के दौरान बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को अनुपस्थित या अप्राप्य पाए जाने के कारण हटाए गए थे, उन्हें भी दोबारा जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मतदाता नामांकन के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने अन्य दलों पर स्पष्ट बढ़त बना ली है। भाजपा ने अब तक 1121 आवेदन जमा किए हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने 26 और बहुजन समाज पार्टी ने केवल 19 आवेदन दिए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों और घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी इस फॉर्म के जरिए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रतिदिन 10 फॉर्म तक जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी तक इन दावों और आपत्तियों की सुनवाई और सत्यापन किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को प्रकाशित होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने उन पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर पूरी मशीनरी सक्रिय कर दी है, जिनके नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हो पाए। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की प्रतियां दी गई हैं और सभी मोर्चों व प्रकोष्ठों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीएलओ के साथ समन्वय कर सूची की समीक्षा करें। पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 मतदाताओं के नाम जुड़वाने का लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पिछले महीने पार्टी की एक बैठक में लापता मतदाताओं का मुद्दा उठाया था। उन्होंने 14 दिसम्बर को कहा था कि ये आपके विरोधियों के मतदाता नहीं हैं, इनमें से 85 से 90 प्रतिशत हमारे मतदाता हैं।

# नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा यमुना में पांच सीवरेज परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता**

जल शक्ति मंत्रालय ने नमामि गंगे मिशन चरण-दो के तहत गंगा और यमुना नदियों की सफाई के क्रम में पांच प्रमुख सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पांच सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के संचालन को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे कई राज्यों में प्रदूषण उन्मूलन और नदी कायाकल्प प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

गंगा सफाई की योजनाओं के तहत शुरु की गई इन परियोजनाओं पर मंत्रालय का कहना है कि वित्त वर्ष के दौरान अब तक प्रमुख शहरी केंद्रों में सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ाते हुए 9 परियोजनाएं चालू की गई हैं। दूसरी तमाही तक जिन परियोजनाओं का संचालन हुआ है, उनमें उत्तराखंड के उधम सिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के साथ ही पश्चिम बंगाल के महेशतला और जंगीपुर शामिल है। मंत्रालय का कहना है कि नमामी गंगे मिशन के तहत इन 5 परियोजनाओं के चालू होने के साथ ही शुरू की गई कुल एसटीपी क्षमता 3,976 एमएलडी तक पहुंच गई है और चालू सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कुल संख्या अब 173 हो गई है। ये उपलब्धियां अनुपचारित सीवेज को नदियों में डालने से रोकने और शहरी स्वच्छता बुनियादी ढांचे में सुधार करने के मिशन के उद्देश्य का परिणाम है।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा विधायक विजय सिंह गौड़ पंचतत्व में विलीन हुए

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में विधान सभा क्षेत्र दुद्धी के दिवंगत विधायक विजय सिंह गोंड़ की अंत्येष्टि गमगीन माहौल के बीच शुक्रवार को गोंड़ीय आदिवासी परंपरा के अनुसार दी गई। उक्त परंपरा में शव को दफनाने का रिवाज है। लंबी बीमारी के बाद विधायक विजय सिंह गोंड़ ने एसजीपीजीआई लखनऊ में गुरुवार को अंतिम सांस ली थी। गोंड़ का पार्थिव शरीर गुरुवार को देर रात उनके दुद्धी स्थित आवास पर पहुंचा, जहां भारी संख्या में लोग मौजूद थे। आदिवासी नेता का शव शुक्रवार को उनके आवास पर आमजनता के दर्शनार्थ रखा गया जहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा आमजनता के साथ ही जिलाधिकारी बीएन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कीया। दिवंगत नेता को प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ आनर भी पेश किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड भी दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

### रात्रि गश्त के दौरान फिसल जाने से एक सैनिक की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तैनात हरियाणा के एक सैन्य कर्मी की रात्रि गश्त ड्यूटी के दौरान फिसलकर गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ शीरी कैंप में तैनात सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स का जवान घटना के बाद बेहोश हो गया और उसे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बारामूला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की चिकित्सा-विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# विशाखा कमेटी की जांच में डा. रमीज दोषी, निष्कासन की सिफारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सामने आए लव जिहाद के मामले में विशाखा कमेटी ने रेजिडेंट डॉक्टर रमीज उद्दीन नायक उर्फ रमीज मलिक को दोषी पाया है। कमेटी की जांच में फिजिकल, इमोशनल और मेंटल हरासमेंट के आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है और उसके निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में प्रेस कांफ्रेस में विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉक्टर रमीज उद्दीन अभी निलंबित चल रहे हैं। कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। सोनिया नित्यानंद ने कहा कि विवि में नीट के जरिए एमबीबीएस में प्रवेश होता है। यह प्रवेश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। इसलिए रमीज के निष्कासन की संस्तुति उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग से की है।

विवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरएस कुशवाहा ने बताया कि जांच के दौरान रमीज एक बार कमेटी के सामने उपस्थित हुआ, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल फोन लगातार स्विच ऑफ जाने लगा। रमीज के पिता ने कमेटी के समक्ष दावा किया कि उनका बेटा शादीशुदा नहीं है। इस दावे की पुष्टि के लिए कमेटी ने हलफनामा मांगा, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं किया गया। चीफ प्रॉक्टर सुरेश कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता की सुरक्षा को देखते हुए 23 तारीख को उसे हॉस्टल में रहने का अनुरोध किया गया था। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त गार्ड भी तैनात किए गए थे। पहले तो दो दिन छात्रा के पिता ने भी शिकायत नहीं दर्ज कराई थी।

## भाजपा सरकार हर दिन कुचल रही आम लोगों की जिंदगी: राहुल गांधी

# देशभर में लोग भ्रष्टाचार वा अन्याय से पीड़ित

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया है कि उसके शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की 'डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार' का प्रतीक बन गई है।

गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, देश भर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यम वर्ग की जिंदगी सिर्फ आंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है।



■ देशभर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह की

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की झांकी बनाने के नाम पर हुए भ्रष्टाचार पर माफी मांगे भाजपा: कांग्रेस

उन्होंने देशभर की विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस 'अति महत्वपूर्ण व्यक्ति' को बचा रहा है। यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। गांधी ने मध्य प्रदेश में देश की सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से लोगों की मृत्यु पर दुख जताया और कहा कि इंदौर में जहरीला पानी पीकर मौतें हों या गुजरात, हरियाणा, दिल्ली तक 'काले पानी' और दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें, हर तरफ बीमारियों का डर है। राजस्थान की अरावली हो या अन्य प्राकृतिक संसाधन, जहां-जहां अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां-वहां नियमों को रौंद दिया गया। पहाड़ काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं और जनता को बदले में मिल रहा है धूल, प्रदूषण और आपदा। उन्होंने खांसी के सिरप से राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बच्चों की मौत को सरकार की लापरवाही बताया और कहा कि खांसी के सिरप से बच्चों की मौतें, सरकारी अस्पतालों में नवजातों पर चूहों का हमला और सरकारी स्कूलों की गिरती छतें, ये 'लापरवाही' नहीं, भ्रष्टाचार की सीधी मार है। पुल गिरते हैं, सड़कें धंसती हैं, ट्रेन हादसों में परिवार मिट जाते हैं और भाजपा सरकार हर बार वही करती है, फोटो-अप, ट्वीट और मुआवजे की औपचारिकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि मोदी जी का 'डबल इंजन' चल रहा है, लेकिन सिर्फ अरबपतियों के लिए। आम भारतीयों के लिए ये भ्रष्टाचार की डबल इंजन सरकार विकास नहीं, तबाही की रफ्तार है, जो हर दिन किसी न किसी की जिंदगी कुचल रहा है।

### मोदी ने विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने भारत की गुटनिरपेक्षता और सामरिक स्वायत्तता की विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि श्री मोदी का नारा था, मैं देश नहीं झुकने दूंगा, लेकिन आज जो कुछ भी हो रहा है, वह इसके बिल्कुल उल्टा है। दो ताजा उदाहरणों में पहला है कि पांच साल से चीनी कंपनियों पर लगा प्रतिबंध हटाया जा रहा है। गलवान में भारतीय वीर सैनिकों ने जो आहुति दी, उनके बलिदान का अपमान तो मोदी जी ने पहले ही चीन को 'क्लीन चिट' थमाकर किया था।



सेंसेक्स 85683.30
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो




# शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन टूटे, सेंसेक्स 605 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 604.72 अंक (0.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 193.55 अंक यानी 0.75 फीसदी गिरकर 25,683.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का दो महीने का निचला स्तर है।

तेल एवं गैस, आईटी और सार्वजनिक बैंकों को छोड़कर अन्य सभी समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा, निजी बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांकों पर



अधिक दबाव देखा गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत की गिरावट में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सनफार्मा, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, हिदुस्तान यूनी. लिवर, पावरग्रिड और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर एक फीसदी से अधिक चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल में भी तेजी रही।

# उप्र में आलू उत्पादन की स्थिति सुदृढ़, भण्डारण क्षमता पर्याप्त

**लखनऊ।** देश के प्रमुख आलू उत्पादक राज्यों में अग्रणी उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तरह इस बार भी आलू की अच्छी उपज होने की संभावना है, जिसको देखते हुए आलू के भंडारण के पर्याप्त उपाय कर लिए गए हैं। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में लगभग छह लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में आलू की खेती की जाती है।

उत्पादन की अधिकता के कारण उत्तर प्रदेश से देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी आलू की आपूर्ति की जाती है। नए आलू की आवक मंडियों में लगभग मध्य दिसम्बर से प्रारम्भ हो जाती है। नए आलू का छिलका पूर्ण रूप से परिपक्व न होने के कारण यह भण्डारण योग्य नहीं होता तथा मुख्यतः भोज्य आलू के रूप में उपभोग किया जाता है। मंडियों में नए आलू की अधिक आवक होने से मांग-आपूर्ति के सिद्धान्त के अनुसार बाजार भाव पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 2243 निजी शीतगृह संचालित हैं, जिनकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 192 लाख मीट्रिक टन है। वर्ष 2025 में लगभग 159 लाख मीट्रिक टन आलू का भण्डारण किया गया था, जबकि लगभग 33 लाख मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता अवशेष रूप में उपलब्ध रही। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में आलू भण्डारण के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। शीतगृहों में आलू भण्डारण का कार्य सामान्यत: मध्य फरवरी से आरम्भ होता है। उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राम ने आलू उत्पादक कृषकों को सलाह दी है कि वे अपनी उपज की खुदाई, विपणन एवं भण्डारण की समुचित योजना बनाएं तथा बाजार भाव की अनुकूलता के अनुसार आलू का विक्रय अथवा भण्डारण कर अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# चावल, चीनी नरमद्ध खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी भी सस्ती हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,852 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल औसतन 14 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल और



तुअर दाल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा पांच रिंगिट गिरकर 4,038 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.53 प्रतिशत की बढ़त में 49.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की कीमत 65 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और सूरजमुखी तेल 46 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 22 रुपये और सरसों तेल दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत में टिकाव देखा गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.40 रुपये, मसूर काली 8130.13 रुपये, मूंग दाल 1092.84 रुपये, उड़द दाल 10416.68 रुपये, तुअर दाल 10612.4 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2851.51 रुपये और चावल 3851.94 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3303.39 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.24 रुपये और गुड़ 4978.33 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

जरूरी है। सीनियर एडवोकेट महालक्ष्मी पावनी (एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट) ने कहा कि लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के लिए अपमानजनक बातें करते हैं। कह रहे हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुत्तों के माइक्रो-चिप लगवाने की सलाह भी ठीक है। इसकी कीमत 100-200 रुपये है। एक बार जब यह लग जाएगी, तो अगर कोई आक्रामक कुत्ता लोगों के पीछे भागता है। तो उसे ट्रैक कर ऑरेंज कैटेगरी में डाला जा सकता है। अगर काटने की घटना होती है, तो रेड फ्लैग लगाया जा सकता है। दूसरे देशों में यह कारगर है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा कि उन देशों की आबादी कितनी है? जरा प्रैक्टिकल बातें करें। टैगोर के वकील ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया और एग्रेसिव और नॉर्मल कुत्तों का पता लगाने के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने जैसे तर्क दिए। वकील ने कोर्ट में यह भी सुझाव दिया कि काटने वाले कुत्तों की पहचान के लिए कॉलर को रंग के आधार पर कोडित किया जाए, जैसे जॉर्जिया और अर्मेनिया जैसे देशों में होता है। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि इन देशों की आबादी कितनी है। वकील आप थोड़ा वास्तविक बातें करें।

**चर्चित अंकिता...**

अदालत द्वारा सुनवाई पूर्ण होने पर अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पूरे प्रकरण में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। साथ ही, हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिन पर जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में उन्होंने स्वयं स्वर्गीय अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात की, जिसमें बातचीत के दौरान उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अंकिता के माता-पिता के इस अनुरोध और उनकी भावनाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री धामी ने पुन: दोहराया कि राज्य सरकार पहले भी न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी पूरी दृढ़ता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध रहेगी।

### कोडीन कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी के घर पुलिस का छापा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में गुरुवार को मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली निवासी मुख्य आरोपी प्रशांत उपाध्याय के घर कोतवाली, रामनगर और आदमपुर पुलिस ने घंटों छापेमारी की तथा जांच की। पुलिस को प्रशांत उपाध्याय घर पर नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जो शुभम जायसवाल से जुड़े नेटवर्क को पकड़ने में काफी मदद करेंगे। प्रशांत उपाध्याय की फर्म और शैली ट्रेडर्स के बीच किए गए लेन-देन की कड़ी को पुलिस तलाश रही है। राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रग एजेंसी के मालिक प्रशांत उपाध्याय को भी प्रतिबंधित कफ सिरप मामले से जुड़े काले कारोबार का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। प्रशांत उपाध्याय के खिलाफ ड्रग विभाग द्वारा पहले ही कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रशांत उपाध्याय की कारोबारियों में अच्छी पैठ मानी जाती रही है।

# गो-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गो-आश्रय स्थलों पर लगातार निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।

अधिकारियों की मानें तो प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गो-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्रवाई प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है। योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन



के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ए कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गोवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

# कोहरे के चलते दर्दनाक हादसा, भैंसा बुग्गी से टकराई कार

## एक भैंसे की मौत, दो किसान गंभीर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** घने कोहरे और कम ख्रश्यता के बीच देर रात शाहपुर गांव के सामने एक गंभीर सड़क दुर्घटना हो गई। तहसील से डड्ूटी समाप्त कर घर लौट रहे एक पटवारी की कार और भैंसा बुग्गी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बुग्गी में जुते भैंसे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बुग्गी पर सवार दो किसान गंभीर रूप से घायल हो गए।

खतौली तहसील क्षेत्र के गांव ककराला निवासी विपिन मोतला तहसील में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं। वह रात में कार से घर लौट रहे थे। शाहपुर गांव के पास सड़क पर एक के पीछे एक चल रही कई भैंसा बुग्गियों के बीच अचानक एक भैंसा कतार से बाहर आ गया। इसी दौरान पटवारी कार से आगे निकलने का प्रयास कर रहे थे, तभी तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और बुग्गी दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। बुग्गी सवार अनंत शर्मा पुत्र विदेश और आशीष शर्मा पुत्र प्रवीण, निवासी ग्राम पिपलहेड़ा थाना खतौली, गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने एहतियातन पटवारी को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक घायल किसानों के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। दोनों पक्षों में आपसी सहमति को लेकर बातचीत जारी बताई जा रही है।

### अफवाहों ने बढ़ाई उलझन

हादसे के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे जानबूझकर कुचलने की घटना बताकर भ्रामक खबरें फैला दीं। इससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह एक सामान्य सड़क दुर्घटना है, जिसे गलत तरीके से पेश किया गया। झूठी अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।





# एसएसपी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की सलामी ली । परेड का संचालन सीओ नई मण्डी राजू कुमार साव किया । तत्पश्चात उन्होंने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मान. सिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चौक करते हुए शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास करवाते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

एसएसपी ने परेड में उपस्थित सभी वाहनों को संचालित कराकर उनके हूटर, लाइट, अन्य उपकरणों तथा वाहनों में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा सहायता किट आदि की स्थिति का परीक्षण किया । ओर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अधीनस्थ अधिकारियों एवं वाहन चालकगण को आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया । साथ ही डायल-112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को रेस्पांस टाइम बेहतर रखने, निर्धारित डयूटी प्वाइंट पर समय से मौजूद रहने तथा सतर्क ख्रष्टि बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने पुलिसकर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए संचालित भोजनालय, बैरकों का निरीक्षण किया गया तथा अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ मेस में भोजन कर गुणवत्ता की जांच की। और मोटर परिवहन शाखा का निरीक्षण किया जिसमें वाहनों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसएसपी ने यातायात लाईन, क्वार्टर गार्द, आर्मरी, पुलिस कैफे, लाइब्रेरी आदि का भी निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। अन्त में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में अधिकारी/कर्मचारीगण का अर्दली रूम लिया तथा रजिस्टर व अभिलेखों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।



# सड़क दुर्घटना में हुई ई-रिक्शा चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तेज रफ्तार कार के चालक ने जोरदार तरीके से ई-रिक्शा में कार की टक्कर मारकर ई-रिक्शा चालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक की मौत हो गयी। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। बीती देर रात मृतक के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड सफीपुर पटी मदरसे के पीछे रहने वाले लगभग 52 वषह्वय सलीम अब्बासी पुत्र दिलावर ई-रिक्शा चालक है। वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता चला आ रहा था। बीती 07 जनवरी की सायं वह अपनी ई-रिक्शा में एक सवारी को छोड़ने के लिए बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा जा रहा था कि इटावा के गेट के पास ई-रिक्शा मोड़ते हुए तेज रफ्तार से आई एक कार के चालक ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने हस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने सलीम को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया।

जहां पर उसने उपचार के दोरान बीती दोपहर दम तोड दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।घ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीती देर रात शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया। घटना की रिपोर्ट अभी तक नहीं लिखी गयी। मृतक के 4 लड़के और दो लड़कियां बताई गयी हैं। घटना को लेकर मौहल्ले में भारी शोक व्याप्त है।

# करोड़ों की ठगी के प्रयास के मामले में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने दी सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पंजाब में कथित करोड़ों के घोटाले में पुलिस द्वारा शाहपुर क्षेत्र के गांव गोयला में छापा मारकर एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के बाद एक किसान संगठन से उक्त युवक के सम्बन्ध होने की सोशल मीडिया पर वायरल हुई खबर के बाद यह मामलाऔर पेचिदा बन गया है। युवक ने ईडी का अधिकारी बनकर कम्पनी को एक नोटिस दिया था जो जांच में फर्जी पाया गया, लेकिन युवक की नजदीकी एक किसान संगठन होने की चर्चाएं जब तेज हुई तो शुक्रवार को किसान मजदूद संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय शाह आलम ने इस खबर को फर्जी बताते हुए एसएसपी से मिलने की बात कही है।

बता दे कि गत दिवस पंजाब पुलिस ने शाहपुर क्षेत्र के गांव गोयला में छापा मारा था। पुलिस ने इस गांव से एक युवक को हिरासत भी लिया था। युवक को पंजाब पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के बाद यह खबर चारो ओर फैल गई थी कि पंजाब की एक कम्पनी में घोंटाला हुआ और इसकी जानकारी एक मैनेजर को थी। इसके बाद एक षडयन्त्र के तहत कम्पनी को ई.डी. अधिकारी की ओर से एक नोटिस भेजा गया। कम्पनी के मालिकों ने इस सम्बन्ध में जानकारी जुटाई और ईडी के अधिकारी व अन्य अधिकारियों से इस सम्बन्ध में बात की। जांच पडताल के बाद पाया कि इडी का अधिकारी किसी ने फर्जी तरीके से नोटिस भेजा है। कुल मिलाकर नोटिस फर्जी पाया गया। इसके बाद पंजाब के एक थाने में प्रोडबाजी का मामला दर्ज किया गया। इसी के बाद पंजाब पुलिस ने शाहपुर क्षेत्र में पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। इसके बाद यह चर्चा फैली और कुछ खबरे भी प्रसारित हुई कि यह मामला एक किसान संगठन से जुडा हुआ है और उनका नजदीकी है। शुक्रवार को भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय शाहआलम ने एक बैठक की और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खबर को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि कथित फ्रोड मामले में गिरफ्तार युवक से उनका कोई सम्बन्ध नही है और वह इसकी शिकायत एसएसपी से करेंगे।




मुजफ्फरनगर:निर्माण कार्य की जांच करते हुए चेयरपर्सन व ईओ।

### देर रात पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का छापा:

# वार्ड 3 में बिना सरिया डाले ठेकेदार ने बना दिया 30 मीटर नाला

मुजफ्फरनगर। सुजडू रोड स्थित वार्ड संख्या तीन में नगरपालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे आरसीसी नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी और गंभीर लापरवाही के साथ ही मानकों और शर्तों का उल्लंघन कर बरती गई अनियमितता का बड़ा मामला सामने आया है। क्षेत्रवासियों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने गुरुवार देर रात अचानक स्थल पर पूरे लाव लश्कर के साथ छापामार निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हुई तकनीकी जांच में जो सच्चाई सामने आई, उसने निर्माण विभाग की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए।

देर रात जब पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप मौके पर पहुंचीं तो लोगों ने उनको यहां नाला निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की शिकायत की। मीनाक्षी स्वरूप ने मजदूर लगाकर निर्माण सामग्री को खुदवाया और तैयार किये गये नाले की दीवारों को जेसीबी मशीन से उखड़वाकर तकनीकी जांच मौके पर ही कराई गई, इसमें पाया गया कि ठेकेदार द्वारा लगभग 30 मीटर लंबाई तक नाले की बनाई गई आरसीसी की दीवारों में सरिया ही नहीं डाला गया था। इसके अलावा जहां लाल रोडी डालकर बिस्तर तैयार होना चाहिए था, वहां सीधे मिटी पर ही आरसीसी डालकर नाला तैयार कराने की कोशिश की जा रही थी। निर्माण सामग्री भी अत्यंत निम्न गुणवत्ता की पाई गई।पालिका अध्यक्ष द्वारा मौके पर ही बुलाए गए इंजीनियरों की टीम ने तकनीकी परीक्षण किया, जिसमें आरसीसी संरचना में मानकों के अनुरूप सरिया का न होना और सामग्री की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गई। गंभीर अनियमितताओं के सामने आने पर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मौके पर ही ठेकेदार फर्म मै. संजय कुमार कॉन्ट्रैक्टर के प्रोपराइटर संजय कुमार पुत्र सत्यप्रकाश निवासी साकेत कालोनी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह को तत्काल मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, पालिकाध्यक्ष ने निर्माण विभाग के एई और जेई की भी लापरवाही पर कठोर रुख अपनाते हुए दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि मानकविहीन कार्य किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि नाला निर्माण में गंभीर अनियमितता सामने आई हैं। ठेकेदार का भुगतान रोकने, विस्तृत जांच कराये जाने के साथ ही ठेकेदार फर्म द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर कराए गए अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी संदेह जताया गया। हमने लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि ठेकेदार फर्म द्वारा कराये गये सभी संबंधित कार्यों की जांच लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से कराई जाए।

अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि उक्त नाला निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त निधि से खालापार-सूजडू सम्पर्क मार्ग पर हीरा डेरी से जायका फास्ट फूड तक कराया जा रहा है। ठेकेदार को 22 नवंबर 2025 को छह माह की समयावधि के साथ गुणवत्ता-परक निर्माण का आदेश दिया गया था, परंतु मौके पर सभी मानकों की धज्जियां उड़ाई गईं। एई और जेई द्वारा मौके पर निरीक्षण न करना, निर्माण की गुणवत्ता की जांच न करना और पालिकाध्यक्ष के निर्देशों की अनदेखी करना भी गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। इसको लेकर पालिकाध्यक्ष के दिशा निर्देश के अनुसार कार्यवाही कराई जा रही है। वर्तमान में पालिका के निर्माण विभाग के द्वारा कराये जा रहे नाला निर्माण की तकनीकी जांच कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एई लोक निर्माण विभाग कामेश्वर सिंह से जांच कराई जायेगी। इस कार्रवाई से भविष्य में मानकविहीन निर्माण कार्यों पर अंकुश लगेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी।

# नाराज ससुरालियों ने विवाहिता के परिजनों पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पति की मृत्यु के बाद ससुराल में रह रही विवाहिता ने बालिका को जन्म दिया। जिसके बाद घर आए ससुरालजनो ने विवाहित की मां व मौसी पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायलों को भोपा अस्पताल में ले जाया गया।जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना व गांव भोपा में शुक्रवार की शाम मारपीट का मामला प्रकाश में आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार सानिया की शादी भोकरहेड़ी के आस मोहम्मद अंसारी से गत वर्ष हुई थी। दोनों परिवार आपस में रिश्तेदार है। आस मोहम्मद उर्फ़ मुन्ना अंसारी ने बीते 26 अक्टूबर को सऊदी अरब के शहर रियाध में उस समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जब वह पत्नी से मोबाइल पर वीडियो कॉल कर रहा था। ऑनलाइन फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना से सनसनी फैल गई थी। आसमौहम्मद उर्फ मुन्ना के इस तरह अचानक ही सऊदी अरब में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना से परिवार में कोहराम मच गया था और यह चर्चा चली थी कि आसमौहम्मद उर्फ मुन्ना ने पत्नी से फोन करते समय यह कदम उठाया है अब घटना के दिन सभी लोगों के दिल में यह सवाल उठ रहा था कि आखिर युवक ने अचानक ही मौत का रास्ता क्यों चुना। सभी के दिल में यह सवाल खडा हो रहा था कि आखिर आत्महत्या का क्या कारण रहा और मृतक के दिल में कौन सी बात चुभी जो उसने अपनी जिन्दगी को खत्म करना ही उचित समझा। उधर अपने बेटी की मौत के गम से जूझ रहे परिजनों के दिल में भी तरह-तरह के सवाल थे कि आखिर उनका समझदार बेटा जो अपने परिवार के लिए बाहर रहकर नौकरी कर रहा था और मृतक के दिल में यही अरमान था कि वह अच्छा पैसा कमाकर अपने परिवार की देखभाल अच्छे तरीके से कर सके। कुल मिलाकर विदेश जान से पहले आसमौहम्मद अंसारी ने अपने पूरे परिवार के पालन पोषण के लिए ही विदेश जाने और यहां नौकरी करनी की ठानी थी। लेकिन अचानक ही उसने मौत को गले लगा लिया। आत्महत्या के पीछे वजह कोई भी रही हो, लेकिन इसको लेकर लोगों में तरह-तरह के सवाल थ।



बताया जाता है कि सानिया तभी से अपने मायका भोपा में रह रही थी। पिछले सप्ताह उसने एक बालिका को जन्म दिया। शुक्रवार को सानिया के ससुरालजन भोपा मे आये आरोप है की ससुराल जनों ने नवजात बालिका की हत्या करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने सानिया की मां इसराना वह घर पर आई उसकी मौसी सहराना निवासी गांव गोपाली थाना देवबंद पर चाकूओ से हमला कर जान लेने का प्रयास किया। लहू लुहान हालत मे इसराना व सहराना को भोपाल सीएससी पर लाया गया जहां से गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पीड़ितों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर चर्चा है कि इस सम्बन्ध में दिलशाद पुत्र कालू निवासी भोपा की ओर से भोपा थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# ठंड में ठिठुर रहे लोगों का हाल जानने निकले अफसर

## प्रशासनिक टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** कड़ाके की ठंड और शीत लहर के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर नजर आ रहा है। जन सुरक्षा और मानवीय दायित्वों के निर्वहन के तहत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार सड़कों पर उतरकर जरूरतमंद और निराश्रित नागरिकों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करा रही है।

देर रात अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी, तहसीलदार राधेश्याम, लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम ने प्रमुख नार्गों, चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर खुले में सो रहे नागरिकों से संवाद किया।

अधिकारियों ने शीतलहर से होने वाले संभावित खतरों की जानक. ारी देते हुए शासन द्वारा संचालित शेल्टर होम एवं रैन बसेरों की सुविधाओं से अवगत कराया और जरूरतमंदों को सन्मानपूर्वक सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर एवं रेलवे स्टेशन पर संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शयन व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया और संबंधित कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिका. रियों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर अलाव ताप रहे लोगों से भी बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि अलाव एवं रैन बसेरों की व्यवस्था लगातार प्रभावी बनी रहे। संबंधित विभागों कोस्पष्ट निर्देश दिए गए कि शीतलहर के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सुरक्षित एवं गरिमामय आश्रय उपलब्ध कराया जाए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति शीत लहर के कारण असुरक्षित स्थिति में दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वह शीत ऋतु के दौरान नागरिकों की सुरक्षा, संवेदनशीलता और कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा।

# पारूल की जीत पर कोर्ट की मोहर

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी में भारतीय जनता पार्टी वार्ड 36 से सभासद का चुनाव जीती पारुल मित्तल को आज अदालत से बड़ी जीत मिली है । कोर्ट ने भी उनकी जीत पर मोहर लगा दि उनके खिलाफ हुई चुनावी याचिका अदालत ने खारिज कर दी है।

नई मंडी में पालिका सभासद के चुनाव में भाजपा नेता अचिंत मित्तल की पत्नी पारुल मित्तल वार्ड 36 से चुनाव लड़ी थी और वह सभासद का चनाव केवल एक वोट से जीत गई थी । उनके सामने पूर्व सभासद दीपक गोयल की पत्नी रजनी गोयल चुनाव लड़ी थी । इस चुनाव में बहुत दिलचस्प मुकाबला हुआ तथा नजदीकी मुकाबले में पारुल मित्तल को 1677 वोट पाकर केवल एक वोट से विजयी घोषित कर दिया गया था । रजनी को 1676 वोट मिली थी । इसे लेकर वहां मतगणना केंद्र पर हंगामा भी हुआ था । इस फैसले के खिलाफ रजनी गोयल ने अदालत में चुनाव याचिका दाखिल की थी। अपर जिला जज चतुर्थ कनिष्क कुमार सिंह ने शुक्रवार को रजनी गोयल की चुनाव याचिका को खारिज कर दिया है, और पायल मित्तल की जीत पर मोहर लगा दी है जिससे पारुल मित्तल को बड़ी राहत मिली है । इस मामले की पैरोकार सभासद पारूल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तेग बहादुर सैनी द्वारा की गई है।



# खतौली में हादसों का कारण बना तिकोना डिवाइडर

## प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहा जानलेवा खतरा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर बुआड़ा गांव के पास सड़क के बीच बना तिकोना डिवाइडर अब वाहन चालकों के लिए परेशानी नहीं, बल्कि जान का खतरा बनता जा रहा है। मुरादनगर से हरिद्वार को जोड़ने वाले इस व्यस्त मार्ग से प्रतिदिन भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बड़ी संख्या गुजरती है, लेकिन सड़क के बीच अचानक उभरता यह डिवाइडर लगातार हादसों को न्योता दे रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार कई वाहन चालक इस डिवाइडर को समय रहते देख नहीं पाते और उससे टकरा जाते हैं। अब तक अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और कई लोग चोटिल भी हुए हैं। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब रात के समय अंधेरे में यह डिवाइडर पूरी तरह अख्रश्य हो जाता है। दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि इसी डिवाइडर पर 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन का पोल भी खड़ा है, जो किसी बड़े हादसे की आशंका को और बढ़ा देता है।

आश्चर्य की बात यह है कि इतने संवेदनशील स्थान पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही रिफ्लेक्टर या प्रकाश व्यवस्था की कोई व्यवस्था की गई है। स्थानीय ग्रामीणों और नियमित यात्रियों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही डिवाइडर को हटाया नहीं गया या उसे सुरक्षित बनाने के लिए संक. ेतक, रिफ्लेक्टर और लाइटिंग की व्यवस्था नहीं की गई, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन की उदासीनता के चलते



राहगीरों की जान हर दिन जोखिम में डली हुई है।



# सीडीओ ने नवनिर्मित पंचायत भवन व विद्यालय का किया निरीक्षण

**गांव में स्वच्छता व्यवस्था व अभिलेखों के रखरखाव के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने ग्राम पंचायत स्थित नवनिर्मित पंचायत सचिवालय एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला पंचायत राज अधिकारी रेणु श्रीवास्तव तथा एडीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिका. रियों ने पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय परिसर एवं पूरे गांव की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं तथा कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। अधिकारियों ने गांव में स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा नवनिर्मित पंचायत सचिवालय की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणादायक बताया।

मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने कहा कि पंचायत भवन ग्राम पंचायत की प्रशासनिक, सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों का केंद्र होता है, जहां से पूरे गांव के विकास और जनसेवा कार्यों का संचालन किया जाता है। जिला पंचायत राज अधिकारी रेणु श्रीवास्तव ने कहा कि पंचायत भवन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राम सभा बैठकों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय के भौतिक परिवेश की भी सराहना की तथा शिक्षक सादिक अली से विद्यार्थियों के नामांकन सहित शैक्षिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। अंत में अधिकारियों ने ग्राम पंचायत की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास को और अधिक गति देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पुत्र साजिद, सचिव विनय शर्मा, सादिक अली, प्रवेज अली, इरशाद, गुलजार, महताब सहित अन्य ग्रामीण प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एमपीएल टीम ऑनर्स की मीटिंग में बनी रणनीति

**मुजफ्फरनगर।** प्रीमियर लीग के दूसरे सीज़न के लिए आज सभी 12 टीमों के ओनर की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें एम पी एल को भव्य और सफलतापूर्वक कराने के लिए सभी के महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए.सभी उपस्थित टीम ओनर को एम पी एल के नियम और शर्तों के बारे में भी बताया गया. भोपा रोड स्थित बिंदल फार्म हाउस पर संपन्न हुई मीटिंग में सचिव मनोज पुंडीर द्वारा जानकारी दी गई कि प्रत्येक टीम को तीन खिलाड़ी खिलाड़ी उत्तर प्रदेश से कैप कैटेगरी में चयनित करने की छूट होंगी

जबकि एक खिलाड़ी मार्की प्लेयर के रूप में टीम को दिया जाएगा 25 जनवरी को होने वाली टीम ड्राफ्टिंग में 11 खिलाड़ी ही अंकों के आधार पर चुने जाएंगे सभी के सुझाव पर इस बार कोई भी टीम



खिलाड़ी को रिटेन नहीं कर सकेगी, एम सी ए के चेयरमैन भीम कंसल नें बताया कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण कुमार और पूर्ण अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी एम पी एल 2 के ब्रांड एंबेसडर होंगे 23 फरवरी से इसके मैच शुरू होंगे संजय शर्मा नें बताया कि 11 जनवरी को होने वाले ट्रायल में पूर्व रणजी खिलाड़ी प्रशांत गुप्ता और रेलवे के कंडीशनिंग कोच और ट्रेनर विकास चौधरी खिलाड़ियों के चयन करेंगे आज बिंदल फार्म हाउस फरवरी मीटिंग में मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भीम काउंसिल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर,उपाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज जॉइंट सेक्रेटरी ओम देव सिंह और विकास राठी,कोषाध्यक्ष संजय शर्मा,कंपनी सेक्रेट्री अजय जैन के अलावा मयंक बिंदल ऋषभ जैन अमित गर्ग करण स्वरूप कार्तिक स्वरूप,शशांक जैन डॉक्टर हेमंत. डॉक्टर यश अग्रवाल,सुमित रोहल, अमित गोयल रोहन त्यागी वैभव गोयल उपस्थित रहे

# बुढ़ाना को मिली सौगात, बनेंगे 2 प्रमुख सीसी रोड

## उमा त्यागी के अथक प्रयास से नगर पंचायत के प्रस्ताव जिला स्तरीय कमेटी से स्वीकृत

**महावीर चौक वाया नदी मंदिर तक बनेंगे सीसी रोड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विकास के पथ पर बुढ़ाना की रफ्तार बेहद तेज हो गई है और अब बुढ़ाना की जनता को बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से जर्जर हालत में मुख्य सड़क का अब निर्माण होने का रास्ता साफ हो गया है। नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयर पर्सन उमा त्यागी के अथक प्रयास से महावीर चौक से लेकर नदी वाला मंदिर तक सीसी रोड बनेगी। नगर पंचायत बुढ़ाना के प्रस्ताव यानि उक्त कार्य को जिला स्तरीय समिति से मंजूरी मिल गई है। ये कार्य 2 चरण में होगा। पहले चरण में महावीर चौक से लेकर पुराना बस स्टैंड तक सीसी रोड बनेगी और नाली निर्माण भी होगा। दूसरे चरण में पुराना बस स्टैंड से



लेकर नदी मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य होगा। उक्त कार्यों की स्वीकृत होने की सूचना से कस्बे के लोगों में खुशी की लहर है और लोग चेयरपर्सन उमा त्यागी को आभार व्यक्त कर रहे हैं। जल निगम के पाइपलाइन डालने के कारण सड़क की हालत खराब है और लोग सड़क निर्माण की मांग उठा रहे थे। जल निगम ने सड़क की मरम्मत का कार्य भी ठीक से नहीं किया जिससे लोगों में जल निगम के खिलाफ आक्रोश था और जल निगम ने काम पूरा कर नगर पंचायत को सड़क हैंडओवर करने में लेट लतीफी और लापरवाही करता आ रहा था। ऐसे में कस्बे लोग परेशान थे और नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी की ओर से जल निगम पर जल्द से जल्द सड़क हैंडओवर करने का दबाव बनाया जा रहा था। नगर पंचायत बुढ़ाना चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि हमारा संकल्प यही है कि सभी का सम्मान और कस्बे का समुचित विकास नियमानुसार प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा। जो कार्य बुढ़ाना में हो रहे हैं उसके लिए बुढ़ाना वासियों, संबंधित अधिकारियों और उन सभी लोगों का धन्यवाद जिन्होंने भरपूर सहयोग देने का काम किया।



मीरांपुर: बीआईटी में च्यवनप्राश बनाते छात्र।

## वारंटी को भेजा जेल

बुढ़ाना/फुगाना। फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में थाना फुगाना में तैनात उप निरीक्षक तेजवीर सिंह ने अन्य उप निरीक्षक प्रेम कुमार की मदद से लगभग सात साल पूर्व दर्ज हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी सुबोध पुत्र सतपाल निवासी ग्राम कुरावा को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर उसके मकान से अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा लडका अमित कुमार पुत्र सतवीर जिसका चाल चलन ठीक नहीं है, आये दिन अपने घर वालो को तंग व परेशान करता रहता है तथा नशा आदि करके अपनी पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों को तंग व परेशन करता है। यदि भविष्य में यह कोई गलत कार्य करता है उसका जिम्मेदार वह खुद होगा। यदि कोई उसे कोई पैसा उधार देता है तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**सतवीर पुत्र गोपीचन्द**
**निवासी- गली नं 3/3**
**भरतिया कालोनी**
**थाना नई मण्डी,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद**

में फूल सिंह पुत्र लोती निवासी गांव कमरूद्दीननगर थाना/तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र सुधीर कुमार व मेरी पुत्रवधु श्रीमति प्रियंका जो गलत संगत में रहते हैं। जिन्हें मैंने समझाने का काफी प्रयास किया किन्तु अपनी हरकतों से वे बाज नहीं आ रहे हैं। आये दिन लडाई झगडा करते रहते हैं। जिससे मैं व मेरा परिवार काफी दुखी है। आज मैंने अपने पुत्र सुधीर कुमार व पुत्रवधु श्रीमति प्रियंका को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। सुधीर कुमार व श्रीमति प्रियंका अब अपने द्वारा किये गये अच्छे बुरे कार्यों के खुद ही जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी**
**फूल सिंह पुत्र लोती,**
**निवासी गांव कमरूद्दीननगर,**
**थाना/तहसील, बुढ़ाना,**
**जिला मु.नगर।**

# ऑल इंडिया बार परीक्षा में सफलता पर तहसील खतौली के नौ अधिवक्ता सम्मानित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील खतौली में विधि व्यवसाय कर रहे नौ युवा अधिवक्ताओं द्वारा ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करने पर शुक्रवार को तहसील परिसर में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सावन कुमार के चेंबर पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सफल अधिवक्ताओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया।



समारोह को संबोधित करते हुए तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता भूदेव आर्य ने कहा कि विधि व्यवसाय अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। युवा अधिवक्ताओं को निरंतर अध्ययन करते रहना चाहिए और स्वयं को समय के अनुसार अपडेट रखना चाहिए, तभी वे सफलता की ऊंचाइयों को छू सकेंगे। पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने के लिए गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक होता है। सभी युवा अधिवक्ता अपने सीनियर अधिवक्ताओं से सीख लेते रहें, जिससे वे विधि व्यवसाय में पारंगत बन सकें। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र सैनी ने कहा कि इस बार बड़ी संख्या में नए अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के नियमों के अनुसार सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस (सीओपी) नंबर के बिना कोई भी अधिवक्ता विधि व्यवसाय नहीं कर सकता। कोषाध्यक्ष सावन कुमार ने कहा कि तहसील खतौली के अधिकांश अधिवक्ताओं ने बार परीक्षा पास कर ली है और जो शेष रह गए हैं, वे भी आगामी परीक्षा में अवश्य सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण कर सभी का स्वागत किया गया।

ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अधिवक्ताओं में मोहम्मद आदिल, पंकज गुप्ता, कार्तिक पंवार, अभिषेक गोयल, निकुंज गुर्जर, शेखर कुमार, दानिश काज़ी, अनस चौधरी व निलोफर मलिक शामिल हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश आर्य, चतरपाल सिंह, वेदप्रकाश उपाध्याय, शकुन्तला देवी, सुभाष चंद्र, सत्यप्रकाश सैनी, गंगा शरण, सचिन आर्य, लाल सिंह, अरशद खान, योगेश खारी, मनोज गर्ग, रतन सिंह, राम कुमार, अमित त्यागी, जगबीर सिंह, बिजेंद्र कुमार, आनंद उपाध्याय, रोशनी सैनी, संदीप कुमार, राम रोशन दास, कृष्ण कुमार, महेश कुमार, अनुज तोमर, कृष्ण कन्हैया, रवि कुमार, पंकज कुमार, सीता राम, आकाश सैनी, प्रोनू कुमार, अमन कुमार, महराज अली सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बीआईटी में छात्रों को आयुर्वेद औषधि निर्माण की कला सिखाई

**मीरापुर।** भगवंत आयुर्वेद मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल में तीन दिवसीय च्यवनप्राश निर्माण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक औषध निर्माण की पारंपरिक एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवंत ग्रुप्स आफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर डक्क अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डा. पुष्पनील, जी.एम.सी.ए. दुष्यंत कुमार, प्रिंसिपल डा. संजय गुप्ता, डिप्टी रजिस्ट्रार डक्क आदित्य शर्मा, डीन डा. अजय सिंह एवं डक्क अभय वैश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली के महत्व और इसकी वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। भगवंत आयुर्वेद मेडिकल कालेज के रस शास्त्र विभाग द्वारा वैद्य डा शेखर सोलंकी के निर्देशन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में वर्णित विधि के अनुसार च्यवनप्राश निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से कराई गई। विद्यार्थियों ने कच्चे द्रव्यों की पहचान, शोधन, क्वाथ निर्माण, अवलेह पाक विधि तथा गुणवत्ता नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण चरणों को प्रत्यक्ष रूप से समझा। कार्यक्रम के दूसरे दिन संस्थान के चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा विभाग द्वारा किए जा रहे इस शैक्षणिक एवं व्यावहारिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को औषध निर्माण के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर डॉ. नीरज गाहल्यान, डॉ आशीष, डॉ नितिन, डॉ राहुल, डॉ प्रीति, डॉ. पूजा, डॉ. नेहा, डॉ. कमल, डक्क शमशेर सिंह, डॉ. हिमांशु राज एवं योगेंद्र कुमार सहित अनेक शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। रस शास्त्र विभाग ने भविष्य में भी इसी प्रकार के व्यावहा. रिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

**संबंध विच्छेद**

मेरी शादी 9 मई 2006 को देवेन्द्र पुत्र महावीर निवासी ग्राम नगवा थाना बुढाना जिला-मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी करीब 10 वर्ष पहले देवेन्द्र मुझे बीमार अवस्था में छोडकर चला गया था। तभी से मै किराये पर रहकर अपने व अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हूॅ। मैने देवेन्द्र से अपना रिश्ता समाप्त कर लिया था। मुझे पता चला है कि देवेन्द्र गलत लोगों की संगत में रहकर मेरे मकान में गलत काम व लडाई झगडा करता रहता है। मेरा व मेरे बच्चों का देवेन्द्र से कोई मतलब वास्ता नही रहा है। उसके द्वारा अच्छे बुर्रे कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति रीना पत्नी सोहनवीर**
**निवासी मौहल्ला गांधी नगर**
**कूकडा थाना नई मंडी ,**
**जिला मु.नगर।**

**संबंध विच्छेद**

में अब्दुल जब्बार पुत्र मरहूम अब्दुल करीम निवासी C-14/8 ऊंचे पर मंडावली फाजलपुर दिल्ली-92 का निवासी हूं। मेरा पुत्र मोहम्मद फरमान गलत संगत में है। जिसे मैंने समझाने का प्रयास किया किंतु वह बाज नही आ रहा है। आये दिन लडाई करता है। जिससे मैं मेरा परिवार दुखी है। मैने अपने पुत्र मोहम्मद फरमान को आज अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मोहम्मद फरमान अब अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे या बुरे कार्यों का खुद जिम्मेदार होगा। मेरी मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी**
**अब्दुल जब्बार पुत्र मरहूम**
**अब्दुल करीम निवासी C-14/8**
**ऊंचे पर, मंडावली फाजलपुर**
**दिल्ली-92**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री जुगल किशोर पुत्र स्व0 श्री बूलचन्द, श्री अखिल खत्री पुत्र श्री जुगल किशोर, निवासी म0नं0-425, गली नं0-09, मौहल्ला-गांधी कॉलोनी, तहसील-सदर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0: MZDA/BP/COMP/25-26/0229 के द्वारा अपनी भूमि मौहल्ला-आर्यपुरी, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 35.70 वर्गमी0 पर 'रिटेल शॉप' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल मौहल्ला-आर्यपुरी, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 18 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग में दर्शित है। अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स- 2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगुलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'रिटेल शॉप' की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

#### ग्रामीण वृद्ध की अजीबो गरीब घोषणा............

# चुनाव जीता तो गांव में बनवाऊंगा हवाई अड्डा

**बुढ़ाना।** गांव बड़कता में हवाई अढा बनवाने की घोषणा करने वाले गांव के वृद्ध विजेंद्र कुमार आजकल पूरे गांव बडकता में सुर्खियों मे हैं। वे ग्राम प्रधानी का चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा शुक्रवार की सुबह सार्वजनिक तौर पर दर्जनों ग्रामीणों के बीच तब की जब सब अलाव के सामने बैठकर हाथ पैर ताप रहे थे। उनकी इस मजेदार घोषणा को लेकर खासकर गांव का युवा वर्ग भी पूरी चुटकिया ले रहा है। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को लेकर चुनावघ लड़ने वालों में हलचल तेज हो गई है। उधर प्रशासन ने भी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने को तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बीच चुनावी मैदान में खड़े उम्मीदवारों को लेकर अजीब ओ गरीब खबरें भी आ रही हैं। ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के बडकता ग्राम में प्रधान पद के उम्मीदवार विजेंद्र कुमार की घोषणा सुनने के बाद हर कोई हैरान रह गया। सोशल मीडिया पर अब उनकी तस्वीर वायरल हो रही है। इस अजीबोगरीब



घोषणा को सुनकर लोग पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर हो गए हैं। इस वृद्ध का कहना है कि कोई प्रत्याशी गांव में गौशाला बनवाने को कह रहा है जबकि इस गांव को गौशाला की कोई जरुरत नहीं है। उनके गांव के रोड पर बुढ़ाना में नगर पंचायत द्वारा गौशाला पहले से ही बनी है। इस प्रत्याशी की घोषणा के बाद से से ही उनका भी मन चुनाव लडने का हुआ है। वह अगर कभी भविष्य में प्रधान पद का चुनाव लड़े तो गांव बडकता में हवाई अढे का निर्माण करेंगे।

## चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**नांगल सोती।** ग्राम लालपुर मान के पंचायत घर में आज चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बीडीओ दीपक तेवतिया, एडीओ राकेश कुमार को ग्रामीणों ने गांव में सफाई व्यवस्था दुरस्त न होने, पशुओं में टीकाकरण न कराये जाने व दूषित पानी की निकासी न होने की शिकायत की, कई किसानों ने किसान सम्मान निधि व पेंशन न आने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने खंबों पर लाइट लगवाने की ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह व बीडीओ से मांग की। ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने सभी समस्याओं का दो सप्ताह में समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राकेश कुमार सहित ब्लॉक के कई अधिकारी, ग्राम प्रधान गीता देवी, ग्राम पंचायत सचिव तरूण दोहन, शिवध्यान सिंह, जयपाल सिंह, अंकुर, रणवीर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# 3 पशु चोरी कर पैंठ में 92 हजार रुपये में बेचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** चार चोरों ने एक पशुपालक के 3 पशुओं को चोरी कर उन्हें पशु पेंठ में 92 हजार रुपये में बैंच दिए। मिली रकम में से 22 हजार रुपये मौज मस्ती में उडा दिए और जो बाकी 70 हजार रुपये बचे थे वो पुलिस ने बरामद कर चारों को जेल भेज दिया।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी से चोरों ने शाहबाज के घर से लाखों रुपये की कीमत के 3 पशु चोरी कर लिए थे। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चोरी के खुलासे के प्रयास शुरु कर दिए थे। भागदौड़ में पुलिस का सहारा घटनास्थल के पास लगे कैमरे, मोबाइल की लोकेशन व मुखबिर बने।

जिसमें पुलिस ने सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में घटना का खुलासा कर चोरों को पकड़ लिया। चोरों ने अपने नाम समी पुत्र अब्बास, आरिश पुत्र जाबिर और आसिफ उर्फ बब्बल निवासीगण गांव रसूलपुर दभेडी, शमीम पुत्र बुन्दू निवासी मौहल्ला कुन्दनपुरा गली सुतरासाई मुजफ्फरनगर बताए। पुलिस ने उस वाहन को भी बरामद किया जिसमें लदकर वे पशु गये। पूछताछ में चोरों ने बताया कि हम चारों ने अपने अन्य साथी सुहेल उर्फ बन्टी पुत्र तहसीन निवासी रसूलपुर दभेडी व फैजान पुत्र जाहिद निवासी कुन्दनपुरा गली सुतरासाई ने मिलकर बीते 29 दिसम्बर की प्रथम रात्रि में पशु चोरी किए। फिर उन्हें मंढियाई पशु पैंठ में बैंच दिए। जो कुल 92 हजार रुपये में बैंच कर 22 हजार मौज मस्ती में खर्च कर दिए। जो वाहन है वो आरिफ उर्फ बब्बल के चाचा जावेद पुत्र फरमूद ग्राम रसूलपुर दभेडी का है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेवडा, विकास खण्ड-जानसठ ( मु.नगर )**

पत्रांक -मीमो/पं.वि.कार्य/2025-26 दिनांक 09.01.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचिय किया जाता है कि ग्राम पंचायत तेवडा विकास खण्ड जानसठ में 'वित्तीय वर्ष 2025-26' में अन्य मद अन्तर्गत प्राप्त होनी वाली धनराशि से निर्मित होने वाले अन्नपूर्ण भवन (उचित दर विक्रेता दुकान) निर्माण कार्य हेतु वस्तु एवं सेवाकर विभाग/व्यापार कर विभाग एवं आयकर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। स्वीकृत कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम संख्या- | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम प्रचायत तेवडा में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य | 9 लाख (बी.ओ.क्यू.) के अनुसार | 944/- | 2 माह |

निविदा दिनांक 17-01-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जायेगी तथा उसी दिनांक को सायं 05:00 बजे खोली जायगी। धरोहर धनराशि कुल अनुमानित मूल्य का 02 प्रतिशत होगी। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी। एक अथवा समस्त निविदाओं का बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। नियम एवं शर्तो और विस्तृत निविदा की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत**
**विकास खण्ड जानसठ, मु.नगर।**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत**
**विकास खण्ड जानसठ, मु.नगर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMED IRFAAN से बदलकर IRFAN कर लिया है। भविष्य में मुझे IRFAN के नाम से जाना पहचाना जाये।

**इरफान पुत्र फैय्याज**
**निवासी गांव ककरौली**
**मुजफ्फरनगर,यू पी**

**सूचना**

त्रुटिवंश मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम HUSSAN JAHAN दर्ज है, जो की गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम HUSANA JAHAN है, भविष्य में अब इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**इरफान पुत्र फैयाज**
**निवासी गांव ककरौली**
**मुजफ्फरनगर**

# सीडीओ कार्यालय घेराव की चेतावनी से प्रशासन सतर्क

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्रीय जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) द्वारा सीडीओ कार्यालय के घेराव की घोषणा किए जाने से शुक्रवार को प्रशासन में हड़कंप मच गया। हालात को भांपते हुए विकास भवन परिसर सहित आसपास के इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पूरे विकास भवन को चारों ओर से घेरते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिससे क्षेत्र छावनी में तब्दील नजर आया।

भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारीऋ0ने पूर्व में विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन लंबे समय बाद भी समस्याओं का समाधान न होने से संगठन में रोष व्याप्त था। इसी के चलते संगठन ने शुक्रवार को सीडीओ कार्यालय के घेराव का ऐलान किया था। तय कार्यक्रम के अनुसार किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल विकास भवन पहुंचा, जहां सीडीओ की अनुपस्थिति में उप विकास अधिक. ारी (डीडीओ) से वार्ता की गई। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच किसान नेता व कार्यकर्ता विकास भवन पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करते हुए लंबित मांगों पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। किसान नेताओं का आरोप है कि अधिकारियों की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। इसके बाद संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा कर दी और फोन के माध्यम से अन्य पदाधिकारियों को भी मौके पर पहुंचने का आह्वान किया। स्थिति बिगड़ती देख प्रशास. निक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से बातचीत शुरू की। काफी मान-मनौव्वल के बाद अधिकारियों ने दो दिन के भीतर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद संगठन ने फिलहाल धरना स्थगित करते हुए प्रशासन को अंतिम चेतावनी दी। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि दो दिन के भीतर सभी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो विकास भवन सभागार में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव भूमेश कुमार सोम, राष्ट्रीय



सलाहकार यज्ञदत्त शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जगपाल सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान, जिला अध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ राजीव राणा, तहसील अध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ सुन्दर चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गौरव चौहान, तहसील अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. मोहित सोम, ब्लॉक अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. उनेश कुमार सहित अनेक पदा. धिकारी मौजूद रहे।

## युवक का शव फांसी पर लटका मिला

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन क्षेत्र के मौहल्ले में युवक ने फासी लगाकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की और शव को नीचे उतारा। घटना के समय परिवार के लोग नीचे थे और कई घंटे बाद जब युवक नीचे नही आया तो ऊपर का नजारा देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिविल लाईन थाना पुलिस को सूचना मिली कि मौहल्ला जसवंतपुरी में 23 वर्षीय उज्जवल पुत्र मैनपाल ने फांसी लगा ली। पुलिस मौके पर पहुंची जहां ऊपर की मंजिल व बने टीन शैड की इंगल पर उज्जवल पाल का शव लटक रहा था। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। छानबीन से पता चला है कि अज्ञात कारणों के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। मृतक के दो बहने है और वह दो भाई थे। घटना से परिवार में को. हराम मचा है।

संक्षिप्त समाचार

## मोहसीन को नम आंखों से किया सुपुर्द ए खाक



**बुढ़ाना।** जनपद बिजनौर में बीते दिन हुई एक सड़क दुर्घटना में मरे सेल्समेन मोहसीन कस्सार को सैंकड़ो लोगों की मौजूदगी में शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के एक कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस घटना को लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी थी और मौहल्ला बडा बाजार में भी शोक व्याप्त रहा। बताया जाता है कि लगभग 32 साल के मोहसीन कस्सार पुत्र नसीम अहमद की बीती बृहस्पतिवार के दिन जनपद बिजनौर के किरतपुर थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी थी। वह बीते कल ही बुढ़ाना कस्बे से किसी काम के सिलसिले में जनपद बिजनौर में अपनी मोटर साइकिल से गया हुआ था कि परिजनों को कुछ ही घंटों के बाद यह मनहूस खबर मिली कि उनके पुत्र मोहसीन की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। तब परिजनों ने मोर्चरी की और दौड़ लगा दी थी। आज दोपहर के समय सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से मोहसीन के शव को कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। मोहसीन नजीबाबाद से किरतपुर में गांव झलवा जा रहा था कि अचानक से उसकी मोटर साइकिल डिवाइडर से टकराई।

## माइक्रोफाइनेंस के ऑफिस से हुई चोरी के खुलासे मे जुटी पुलिस

**मोरना।** तीन दिन पूर्व मोरना मे मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित फाइनेन्स कम्पनी के ऑफिस मे हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर घटना के शीघ्र खुलासे के प्रयास मे शुक्रवार को एसपी देहात ने मौके पर आकर मुआयना किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे भोपा मार्ग स्थित टाटा केपिटल माईक्रोफाइनेन्स के कार्यालय पर तैनात कर्मचारी हरीश मौर्य निवासी गांव कोलकी थाना गागलहेडी सहारनपुर ने बीते बुधवार को भोपा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि बीते मंगलवार की रात्रि में अज्ञात चोर ऑफिस के पीछे इज़ोस्टर फैन की विंडो को तोड़कर ऑफिस के अंदर घुस गए और अलमारी में रखे 12 हजार 740 रूपये चोरी कर लिए।पुलिस ने शिकायत पर संज्ञान लेकर अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हुआ है। शुक्रवार को मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने स्थिति का गहनता से निरिक्षण किया है। इस दौरान सी ओ देववृत वाजपेयी,थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक अपराध नरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी ललित कुमार आदि मौजूद रहे। रामराज। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से रामराज पुलिस द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी बैंकों में सघन निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैंक परिसरों में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की गई।इसी क्रम में पुलिस ने हाईवे पर भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जहां दो पहिया, चार पहिया और व्यावसायिक वाहनों की कागजात जांच की गई। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। कई चालकों को मौके पर ही जागरूक किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है, जिससे आम नागरिक निडर होकर अपने दैनिक कार्य कर सकें। इस अभियान से आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अपराधियों में पुलिस का भय बना हुआ है।

# पेंशन अधिनियम की वापसी को कर्मचारियों ने दिया धरना

**मुजफ्फरनगर।** फोरम आफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन के आ]वान पर पेंशन वैलिडेशन अधि. नियम की वापसी और आठवें वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों में संशोधन की मांगों के समर्थन में पेंशनर्स ने शुक्रवार को पटेल नगर टेलीफोन एक्सचेंज पर धरना-प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला सचिव आरयू सिंह, आदित्य गर्ग, एसके त्यागी, नरेंद्र कुमार, जनार्दन शर्मा आदि साथियों ने भी अपने विचार रखें। विशिष्ट अतिथि रामबीर सिंह परिमंडलीय सचिव, उत्तर प्रदेश पश्चिम एसएनपी डब्ल्यूए ने पेंशन रिवीजन पर नवीनतम जानकरी दी। सभा कीअध्यक्षता मोहम्मद इसराईल सर्किल अध्यक्ष एआईबीडीपीए ने की। इस अवसर रामबीर सिंह, जनार्दन शर्मा, नरेन्द्र कुमार, मुकेश शर्मा, ओंकार शर्मा, एनडी त्यागी, धर्मपाल, यूसीशर्मा, मंजू, रामानन्द शर्मा, वाइएन त्रिपाठी, र एसके शुक्ला, बाबूराम, वीरेंद्र सैनी, जेपी , गुप्ता, देवेन्द्र वर्मा, आरपी शर्मा, सतीश कुमार, खेमचंद, जय सिंह, मदन लाल, एसके शुक्ला, तेजपाल, हरिश्चंद्र, सुरेश शर्मा, न आर डी रावत, जय किशन, आदिल, रामबली, सईद अहमद, राधेश्याम सैनी, बोध नाराज, रामावतार, बीडी त्यागी, रमाकांत, , एसके शुक्ला, भगवान दास, चन्द्रपाल, केपी मलिक आदि लगभग सैकड़ो की संख्या में बीएसएनएल पेन्शनर्स उपस्थित रहे

# चरथावल देहात में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

**चरथावल।** देहात क्षेत्र के लडवा मार्ग पर सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की और कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का कहना था कि सड़क निर्माण शुरू हुए दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन अधूरे कार्य के चलते आवागमन में भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। टूटी सडक व सडक पर पड़े पत्थरों के कारण रोजाना लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही, सडक पर पड़े पत्थरों के कारण कई लोग हादसे का शिकार होने से घायल हो गए हैं

ग्रामीणों के हंगामे की सूचना मिलते ही चरथावल नगर पंचायत चेयरमैन मास्टर इस्लाम, देहात ग्राम प्रधान पति इसरार साबरी, सड़क निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच लगभग आधे घंटे तक बात. चीत चली। इस दौरान ग्रामीणों ने कार्य में देरी के लिए ग्राम प्रधान इसरार साबरी को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि जानबूझकर निर्माण में बाधा डाली गई। इस पर ग्राम प्रधान ने आरोपों का खंडन किया और कहा कि निर्माण कार्य



विभागीय स्तर पर निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार चल रहा है। ठेकेदार व संबंधित विभाग ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सड़क का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।बातचीत के बाद बनी सहमति से ग्रामीणों ने राहत की उम्मीद जताई। लोगों का कहना है कि यदि सड़क समय पर बनकर तैयार हो गई तो वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो जाएगा और क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग सुगम हो जाएगा।

# कुल शरीफ में अमन शान्ति के लिए मांगी दुआएं

**मोरना।** बिहारगढ में तीन दिवसीय खुशहालिया उर्स जारी है। शुक्रवार को आयोजित कुल शरीफ में क्षेत्र व दूर दराज से आए अकीदतम. दों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान विशेष दुआ मांगी गयी तथा विशाल लंगर का आयोजन किया गया।मोरना क्षेत्र के बिहारगढ में हजरत ख्वाजा खुशहाल के 9वे उर्स का आयोजन पूर्व की भांति धार्मिक आस्था और श्र)ा के साथ किया जा रहा है। दूसरे दिन कुल शरीफ के दौरान मैसूर से आये सूफी स"यद सलीम ने खास दुआ कराई। पीरानी नाजिया अफरीदी ने अपने संदेश में कहा कि हजरत पीर ख्वाजा खुशहाल मियां ने इस स्थान पर अल्लाह की इबादत कर इस स्थान को पवित्र बनाया। उनके असंख्य अनुयायी आज भी उनसेफैज हासिल कर रहे हैं। ख्वाजा खुशहाल एक महान सूफी थे। प्रत्येक के लिए उनकी दुआओं का खज़ाना खुला हुआ था और रहेगा।हजरत ख्वाजा खुशहाल ने अल्लाह की इबादत कर एक खास मरतबा एक विशेष मुकाम हासिल किया। सुनसान जंगल मे जहां जंगली जानवरो का भी खतरा हो उस स्थान को एकांत के लिए चुना। और अपनी सारी जिंदगी अल्लाह की इबादत मे लगा दी। उनकी दुआओं से अकीदतमंद सदैव के लिए लाभान्वित होते रहेंगे।कार्यक्रम के दौरान जिकरे इलाही व शब्बे दारी भी हुई। व तबर्रूक का वितरण किया गया। रामपुर से आये कववाल जावेद उनके हमनवा ने सुफियाना कलाम



की प्रस्तुति दी जिसपर उपस्थित अकीदमंद मंत्र मुग्ध हो गये। इस दौरान मुख्य रूप से सूफी ताजीम इलाही, मौ.हयात, मौ. फैसल, अब्दुल वाहिद,शुजात अली आदि मौजूद रहे। विशाल लंगर मे बड़ी संख्या मे अकीदतमंदो भोजन ग्रहण किया।

# चार दबंगों ने की छात्र की बेरहमी से पिटाई

**बुढ़ाना।** चार दबंगों ने टड्शन से लौट रहे एक छात्र को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने सभी आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार के दिन एक कोचिंग सेंटर से कोचिंग लेकर अपने घर पर वापस लौट रहे एक छात्र के साथ चार दबंगो ने बेवजह बेरहमी से मारपीट की।

जिसमें उक्त छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। चारों आरोपी उक्त घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गये। उधर मौके पर भीड़ जमा हो गयी। घायल छात्र को सूचना पाकर मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भतह्र कराकर घायल छात्र के परिजनों को घटना की सूचना दी।

बुढ़ाना पुलिस ने चारों आरो. पियों की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें खंगालनी शुरु कर दी थी। घायलघ् छात्र के परिजनों ने बुढ़ाना कोतवाली में चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। जिला पंचायत सदस्या के पति मोमीन हसन जौला ने बुढ़ाना पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# कस्बे में 26 जनवरी को निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बुढ़ाना।** एमबीबीएस डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि वे आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन अपने भारत देश के लिए एक तिरंगा यात्रा का आयोजन करेंगे। यह तिरंगा कस्बा बुढाना के मुख्य मार्गों पर निकाली जाएगी। देश प्रेम को समर्पित इस तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ चांदनी वाला मंदिर से सुबह 11 बजे होगा। यह तिरंगा यात्रा चांदनी वाला मंदिर के प्रांगण से आरंभ होकर पैंठ बाजार, भगवान वाल्मीकि चौक, भारत टाकीज चौक, पारसी बस स्टैंड, नदी वाला मंदिर, महावीर तिराहा, चौधरी चरण सिंह चौक और डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने से होकर अपने उद्गम स्थल चांदनी वाला मंदिर के प्रांगण में समाप्त होगी।



उन्होंने बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के समस्त नागरिकों से इस तिरंगा यात्रा में बढ़ चढकर शामिल होने का आह्वान किया है। इस तिरंगा यात्रा की तैयारियां उनके द्वारा अभी से ही शुरु कर दी गयी है।




**बुढाना: कृषि जागरूकता गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।**

# बुढ़ाना में कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बुढ़ाना।** आज ब्लाक बुढ़ाना के प्रांगण में कृषि सूचना तंत्र के सुख्रढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना के अंतर्गत शुक्रवार को एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला वित्तीय वर्ष 2025- 2026 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग जनपद मुज़फ्फरनगर के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी रविंद्र कुमार, एसडीओ बुढ़ाना रविंद्र कुमार, बुढाना एसएमएस लेखा प्रभारी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला दीपक कुमार एवं विशेषज्ञों ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, उन्नत खेती की तकनीकों तथा आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी दी। इस दौरान सीएसएमएस योजना के अंतर्गत किसानों को लाभान्वित करने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बीज उपचार, उन्नत किस्मों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रयोग और फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिका. रियों ने किसानों को बताया कि वैज्ञानिक खेती अपनाकर लागत कम की जा सकती है और उत्पादन में वृद्धि संभव है और साथ ही प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, फसल विविधीकरण और जल संरक्षण पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में पशुपालन, कृषि यंत्रीकरण और सरकारी अनुदान योजनाओं की जानकारी भी किसानों को दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से आह्वान किया कि वे विभाग द्वारा दी जा रही तकनीकी सलाह का लाभ उठाएं और समय समय पर आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी आय बढ़ाएं। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अपनी समस्याएं रखी। दिव्यांश बालियान ने किसानों को फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी और युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा ने किसानों को सुदूर फसली व जैविक खेती बागवानी सब्जी में अनेक फसलें उगाने को कहा। इससे किसान अपनी आय दो गुना कर सकते हैं। अजय ने ड्रेगन फूट के बारे में बतलाया। मेले का संचालन शिव कुमार और अध्यक्षता कृष्ण दत्त त्यागी ने की। मेले में गन्ना विभाग ने स्टाल लगाया। पशु पालन विभाग के डाक्टर शिव कुमार गंगवार ने पशुओं में होने वाली बीमारियों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और उन्होंने कार्यक्रम को उपयोगी बताया।

# सुभाष बाबू अत्री के वर्क से प्रसन्न हैं एसएसपी

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और उनकी टीम में शामिल अन्य चारों पुलिसकर्मी दिन प्रतिदिन बुढ़ाना क्षेत्र में अपनी काबिलियत के बल पर कोई ना कोई गुड वर्क करके बदमाशों को उनकी औकात बता रहे हैं कि 99वें दिन चोर के और एक दिन पुलिस का और यह जुमला यहां पर फिट भी बैठ रहा है क्योंकि बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री की टीम बदमाशों को उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम फुर्ती से जो कर रही है। बुढाना कोतवाल की टीम के 4 तेज तर्रार पुलिसकर्मी जिनमें बुढ़ाना कस्बा चौकी के इंचार्ज संदीप कुमार, हैड कांस्टेबल निर्वेश भारद्वाज, पुष्पेंद्र कुमार और सुनील बैंसला हैं जो वाकई में अपने मजबूत खुफिया तंत्र के बल पर पुलिस विभाग का इकबाल बुलंद कर रहे हैं। इन पांचों पुलिसकर्मियों को एसएसपी संजय



वर्मा ने सम्मानित कर इनका हौसला बढ़ाया। सुभाष बाबू अत्री सहित पांचों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस टीम ने कई बड़ी घटनाओं के खुलासे किए। कई अपराधियों को लंगड़ा किया तो कुछ बदमाशों को अपनी जान की परवाह ना करते हुए ऊपर भी पहुंचाया। कोतवाल श्री अत्री ने पहले अन्य जगहों पर रहते हुए अब तक एक सौ से भी अधिक मुठभेडें की और बदमाशों को उनकी सही जगह पर पहुंचाने का काम किया। इस टीम में शामिल कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने 50 से अधिक मुठभेडें की और अपना खौफ बदमाशों में बरकरार रखते हुए बड़े बड़े गुडवर्क किए।

# ठंड और कोहरे में हादसे रोकने को खतौली पुलिस सख्त

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए खतौली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे नो हेलमेट, नो पेट्रोल, नो हाईवे अभियान के तहत शुक्रवार रात पुलिस ने हाइवे व जीटी रोड पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। सीओ राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के निर्देशन में हुए इस अभियान के दौरान कोतवाल स्वयं हाइवे पर मौजूद रहे।

बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर न केवल उन्हें नियमों की जानकारी दी गई, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। पुलिस ने बताया कि ठंड व कोहरे में ख्रश्यता अत्यंत कम हो जाती है, ऐसे में हेलमेट न पहनना जानलेवा साबित हो सकता है।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को हाइवे से वापस लौटा दिया गया, जबकि हेलमेट पहनकर चलने वालों को नियंत्रित गति और सुरक्षित ड्राइविंग के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने शुक्रवार को कोतवाली परिसर में स्थानीय पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल अथवा डीजल न दिया जाए। नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई की चेता. वनी भी दी गई। कोतवाल ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात 12 बजे तक का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद हाइवे व जीटी रोड पर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ 25 हजार रुपये तक का चालान किया



जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कोतवाल दिनेश बघेल ने कहा कि सड़क हादसों को रोकना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इस्सोपुरटील फायरिंग प्रकरण, यूपी पुलिस के सिपाही सहित दो गिरफ्तार

## पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद, महिला ने वीडियो वायरल कर बताया था जान का खतरा सीएम योगी से लगाई थी गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में हुई फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने चेकिंग के दौरान यूपी पुलिस के सिपाही सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस चौथे फरार आरोपी की तलाश कर रही है।



थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रतन सिंह की दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी। रतन की पत्नी मोनिका उर्फ मोदी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पालेराम से शादी कर ली थी, तभी से गांव के ही फाले सिंह का परिवार पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। कई दिन पूर्व फाले सिंह के पुत्र मनेन्द्र ने मोनिका उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग कर दी थी। पीड़िता ने एसपी शामली को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित महिला ने वीडियो वायरल कर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों से जान माल की सुरक्षा गुहार लगाई थी।

आरोप है कि एसपी को शिकायत करने के बाद यूपी पुलिस में तैनात सिपाही सुरेन्द्र ने अपने भाई मनेन्द्र, जोगेन्दर व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव तितरवाडा निवासी सोनू पुत्र पालेराम के साथ मिलकर पीड़िता के घर पर पीड़िता के पति रविन्द्र पुत्र पाले राम को करने की नीयत से फायरिंग की थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मुठभेड़ के दौरान मनेन्द्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरुवार की शाम को गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी जिडाना रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया तो दोनों युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को दबोच लिया और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए दोनों युवकों ने अपने नाम सुरेंद्र पुत्र फाले सिंह निवासी इस्सोपुरटील थाना कांधला जनपद शामली व दूसरे ने अपना नाम सोनू पुत्र पालेराम निवासी तितरवाडा थाना कैराना बताया है। पकड़ा गया सुरेंद्र यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है, जिसकी पोस्टिंग बिजनौर चल रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस फरार चौथे आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि इस्सोपुरटील में हुई फायरिंग प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जिसमें एक यूपी पुलिस का सिपाही भी है। शीघ्र ही फरार चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।





# सीडीओ को गांव में चारों ओर मिली गंदगी

## आरोग्य केंद्र व पशु अस्पताल में लगा मिला ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** निकटवर्ती गांव हसनपुर लुहारी मे शुक्रवार को सीडीओ विनय कुमार तिवारी गांव का निरीक्षण करने पहुंचे। निरिक्षण के दौरान आरोग्य केंद्र पशु अस्पताल पर लटका मिला ताला । गांव मे हर तरफ गंदगी देख ग्राम सचिव को लगाई फटकार सफाई कराने के दियो निर्देश। ग्रामीणों ने की दूसरे सचिव की गांव में नियुक्ती की मांग।

गांव हसनपुर लुहारी मे शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां कई खामियां उजागर हुई ।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सीडीओ ने पाया कि आरोग्य केंद्र और पशु चिकित्सालय पर ताले लटके हैं और वहा डाक्टर मौजूद नही थे । जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी दिखाई। वही बस स्टैंड परकाफी समय से फैली गंदगी व जलभराव व्यवस्था की बदहाली भी सामने आई।

जिस पर सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए सफाई व्यवस्था करने को कहा। जिसके बाद तालाब पर अवैध कब्जा बाकी पर गंदगी मिली वही जल्द तालाब की खुदाई कर सफाई करने के दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद बिजली घर निकट नाले का निरीक्षण मे नाले गंदगी से भरा मिला। वही ग्रामीण संजय कुमार, राहुल, जयराम, पप्पू धीमान ने बताया कि यहा सफाई कर्मी सफाई करने नही आते हैं। नाले में फैली गंदगी से फैमारी जन्म ले रही है। सडको के किनारे फैली गंदगी व पन्नी के ढेर देख कूडे से पन्नी अलग करने पर पता चला कि 12 लाख रूपए की लागत से बने कूड़ा निस्तारण प्लांट पर ताला लगा हुआ है जहां कूडा ना पहुंच सडको पर फैल रहा है। इसके अलावा बच्चा श्मशान पर अवैध कब्जा होने की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने श्मशान की चारदीवारी निर्माण की भी मांग रखी। ग्रामीण अमित कुमार, मोनू, अरविन्द कुमार, ने वर्तमान ग्राम सचिव को हटाकर दूसरे ग्राम सचिव की नियुक्ति की मांग भी की। इस पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने ग्राम सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। सीडीओ ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव की सभी समस्याओं का जल्द और प्रभावी निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान शिवकुमार सैनी, अंकुश सैनी, राजकुमार मेंबर, आमीर आलम ऐडवोकेट, सुमित सैनी, विक्रम, बिजेंद्र, शिवम, अतरसिह आदि मौजूद रहे ।

# कार से लाखों की कीमत का गांजा बरामद

## लाखों की कीमत का 60 किलो से अधिक का गांजा बरामद, सहारनपुर से सोनीपत डिलीवरी को ले जाया जा रहा था गांजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय गांजा तस्कर को लाखों की कीमत के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर एक बलेनो कार में गांजा भरकर सहारनपुर से सोनीपत गांजे की सप्लाई के लिए जा रहा था।

थाना भवन पुलिस ने एक बलेनो कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 50 लाख से अधिक की बताई जा रही है। पुलिस ने कार सवार आरोपी राजेश कुमार पुत्र ईश्वर सिंह निवासी बोढ़ा छपरौली बागपत को गिरफ्तार किया है। कार से 61.180 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 लख रूपए से अधिक की बताई जा रही है। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मेरठ द्वारा गठित टीम नारकोटिक्स विभाग थाना मेरठ उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार व उप निरीक्षक तुषार सिंह व थाना भवन थाना पुलिस उप निरीक्षक पवन कुमार पुलिस पुलिस टीम पंकज कुमार, अमित कुमार व रोहित कुमार ने मुखबिर की सूचना पर दभेडी टोल प्लाजा पर चेकिंग अभियान चलाया। जिस पर एक बलेनो कार को रोका गया। कार की तलाशी के दौरान 6 बैग में गांजा बरामद किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राजेश कुमार ने बताया कि वह यह गंजा सहारनपुर से डिलीवरी लेकर सोनीपत की ओर जा रहा था। प्राप्त



जानकारी के अनुसार गंजे की डिलीवरी सहारनपुर में किसी महिला ने राजेश को दी थी जिसे वह लेकर सोनीपत में आरोपी सचिन कुमार निवासी आदर्श नगर सोनीपत व जगमाल निवासी लीलोन शामली को देने के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी गाजा बरामदगी को लेकर 2024 में मुकदमा है उस समय भी आरोपी के कब्जे से गांजा बरामद किया गया था। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी द्वारा कहां-कहां पर गांजा सप्लाई किया जा रहा है। क्या थाना भवन क्षेत्र में भी कहीं गांजे की सप्लाई की जा रही थी। इस पर भी विशेष जांच की जा रही है। गाजे की डिलीवरी देने पहुंची महिला की भी जांच की जा रही है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 61 किलो 180 ग्राम गांजा, 03 मोबाईल फोन व मारूति बलोनो कार व अन्य कागजात बरामद किए गए हैं। थाना भवन पुलिस ने फिलहाल आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में पेशी के लिए भेज दिया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ: 5 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, शामली अरविन्द कुमार चौहान के आदेशों के अनुपालन में मौहम्मद मुशफेकीन जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त जिला चिकित्सालय, शामली में 5 नवजात कन्याओं का कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिले में बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना, उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करना तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना रहा। आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत में सीएमएस किशोर आहूजा ने सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा), शामली का पुष्प देकर स्वागत किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन ने डिप्टी कल्टेक्टर हामिद हुसैन को पुष्प देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम में सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा), शामली द्वारा 5 नवजात कन्याओं से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन एवं सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, शामली ने बेबी किट, फलों की टोकरी, कम्बल, बेबी बिब इत्यादि देकर नवजात बालिकाओं का स्वागत किया गया।माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, प्रसवोत्तर देखभाल तथा बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में सदफ खान जिला मिशन समन्वयक और कुलदीप शर्मा जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और पात्र लाभार्थियों को आवेदन में सहयोग किया गया इस कार्यक्रम में सुगजाला त्यागी सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर, सु अजरा खघन, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, आरिफ राणा, मैनेजर,राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, आशा बहु, आदि महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत लोगो को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं दंडात्मक प्राविधानों के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में साइबर हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन सेवाएं, 112 आपात कालीन पुलिस सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवाएं, 1098 चाइल्ड लाईन, 181 विमेंस हेल्प लाइन, गर्भवती



महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, तथा स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और समाज को बालिकाओं के अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने का संकल्प लिया।

## रास्ते से गुजर रहे राहगीर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। थाना भवन नगर के मोहल्ला हाफिज दोस्त घंटो वाला मंदिर के पास निवासी राजू पुत्र जगदीश एक किरयाना की दुकान पर मजदूरी करता है। गुरुवार की देर शाम दुकान से काम निपटा कर राजू अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर स्थित थाने के सामने पहुंचा तो पीछे से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने राजू को जोरदार टक्कर मार दी जिससे राजू उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत के चलते घायल राजू को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। राजू के पैर में गंभीर चोट बताई जा रही है। उधर पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर बाइक कब्जे में ले ली है। समाचार लिखे जाने तक थाने में तहरीर नहीं दी थी पुलिस ने बताया कि पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को हिरासत में लिया है। तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मुद्रा लोन के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

**झिंझाना।** कस्बा निवासी रिजवान ने पंजाब नेशनल बैंक के एक कर्मचारी पर मुद्रा लोन स्वीकृत कराने के नाम पर पचास हजार रूपए का सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उसने बैंक में मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया था, लेकिन कर्मचारी द्वारा अवैध रूप से रूपए की मांग की गई। जब उसने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया तो उसका सिबिल स्कोर खराब होने का हवाला देते हुए लोन आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि मामले को लेकर जब उसने बैंक कर्मचारियों से बात की तो उसे बैंक बुलाकर गाली गलौज की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया है। रिजवान का कहना है कि उसने नियमों के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे, इसके बावजूद बिना किसी ठोस कारण के उसका लोन निरस्त कर दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। उसने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी बैंक कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित को उम्मीद है कि शिकायत के बाद उसे न्याय मिलेगा और ऐसे मामलों पर अंकुश लगाया जाएगा। पीएनबी के शाखा प्रबंधक रवि चोपड़ा से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं बाहर मीटिंग में आया हुआ हूं और आने के बाद में बात करता हूं। ए जी एम आर एल दास ने बताया कि मैं जांच के लिए आया हूं जांच उपरांत जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अंडर पास बनाने को जनता में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद से गंगोह जाने वाले मार्ग पर रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके चलते यह मार्ग अब अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। यात्रियो और वाहन चालकों को अब गंगोह पहुंचने के लिए नानौता होते हुए जाना होगा। यह मार्ग दिल्ली-सहारनपुर रेलवे लाइन को पार करता है।

ट्रेन आने पर फाटक बंद होने से यात्रियों को अक्सर लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी जिससे आवागमन में परेशानी होती थी। अंडरपास बनने से राहगीरों को इस समस्या से राहत मिल सकेगी। मार्ग बंद होने के कारण अब गंगोह जाने के लिए यात्रियों को अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी। नानौता के रास्ते से जाने पर यात्रा का समय और लागत दोनो बढ़ जाएंगे। हालांकि, स्थानीय निवासियो ने अंडरपास के निर्माण को लेकर चिंता व्यक्त की हैं। पूर्व सभासद इस्तखार चौधरी, समाजसेवी नसीम राही और समीउल्लाह खान सहित कई कस्बा वासियों का कहना है कि बरसात के दिनो में अंडरपास मे पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो सकता है। उनका मानना है कि इस समस्या समाप्त होने के बजाय और बढ़ सकती है। पानी भरने की स्थिति में यात्रियों को फिर से लंबी दूरी तय कर निकटवर्ती गांवों तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ेगा। नागरिकों ने रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास के स्थान पर ऊपरगामी पुल निर्माण की मांग की है।




## आवेदन आमंत्रित

**शामली।** दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता अनुदान देने की योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रोगग्रस्त दिव्यांगजनों को छोड़कर) के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत सात प्रकार की परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों को सहायता दी जाएगी, जिनमें अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे केयर सेंटरध्प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूल एवं हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम, पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालय संचालन शामिल हैं। जनपद में कार्यरत इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं योजना का लाभ लेने के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, शामली में संपर्क कर सकती हैं।

# क्रेशर व गन्ना चरखी के नए आदेश आर्य जाट महासभा को मान्य नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा क्रेशर और गन्ना चरखी को लेकर जारी किए गए नए आदेश पर आर्य जाट महासभा शामली ने कड़ा विरोध जताया है। महासभा ने इस आदेश को किसान विरोधी बताते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है।

आर्य जाट महासभा की बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूराम पंवार ने कहा कि सरकार ने चीनी मिलों के 15 किलोमीटर के दायरे में क्रेशर व खंडसारी इकाइयां लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे गन्ना किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम किसान अपनी आर्थिक जरूरतों, पशुओं के चारे और अन्य खर्चों के लिए क्रेशर पर गन्ना डालकर नकद भुगतान प्राप्त कर लेते थे, लेकिन नए आदेश से यह सुविधा समाप्त हो जाएगी। महासभा ने आशंका जताई कि इससे किसान मिल मालिकों की मनमानी पर निर्भर हो जाएंगे और समय पर भुगतान न मिलने से गन्ना खेती से उनका मोहभंग हो सकता है। महासभा ने सरकार से मांग की कि किसान हित में इस आदेश को स्थगित किया जाए, गन्ना किसानों को अधिक सहूलियत दी जाए तथा चीनी मिलों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही गन्ने के मूल्य में वृद्धि कर किसानों को राहत देने की भी मांग की गई। बैठक में सुनील निर्वाल, बाबूराम पंवार, राजकुमार, रामपाल देशवाल, नितिन वर्मा, नरेश मलिक, दिव्य प्रभाकर, विपिन कुमार, डॉ। ओमपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।




# बाल विवाह की रोकथाम को धर्मगुरुओं से बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिलाधिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 9 जनवरी, 2026 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में थाना आदर्श मंडी शामली में बाल विवाह मुक्त समाज की दिशा मे धर्म गुरूओ के साथ बैठक आयोजित की गई।

जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारत अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च ,2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी धार्मिक नेता एवं विभिन्न धर्मो के श्रद्धालु समुदाय मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा गिरजाघर एवं अन्य धार्मिक स्थलों एवं विवाह संबंधी सेवा प्रदाता मैरिज हॉल बैंक्विट हॉल बैंड पार्टी डीजे कैंटर्स फोटोग्राफर टेंट हाउस आदि के साथ को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से मती पारूल चौधरी परामर्शदाता ने बताया कि बाल विवाह विवाह का एक ऐसा प्रकार है जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णत: गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुलदीप एच0ई0 डब्लू0 जेंडर स्पेशलिस्ट के द्वारा जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकों का विवाह कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा रु. 1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्ति जैसे बराती, फोटोग्राफर, टेंट कैटरिंग संचालक, मौलवी पंडित, बैंड संचालक आदि के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए FIR दर्ज की जा सकती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है या संदेह होता है, तो इसकी तत्काल सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन सेवा 181 पर दी जा सकती है। समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह को रोका जा सकता है। वन स्टॉप सेंटर से मती किरण ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की पात्रता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया।



महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध महिला हेल्पलाइन 181 एवं उत्तर प्रदेश चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न संरक्षण कानूनों की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित धर्मगुरु अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम मे विभाग से रतन सिंह सी0एच0एल0 केस वर्कर व कांत मौजूद रहे।

## सड़क पर चलते समय सुरक्षित रहने के तरीके बताए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत शामली पुलिस द्वारा सड़कों को सुरक्षित और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

एसपी एनपी सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस, कोतवाली शामली, थाना थानाभवन और आदर्श मंडी की टीमों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सड़कों व सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटवाया, ताकि यातायात बाधित न हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके। अभियान के दौरान वाहन चालकों और आम लोगों को कोहरे के समय पार्किंग लाइट जलाकर वाहन चलाने, गति सीमा का पालन करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग, नशे में वाहन न चलाने और मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने के प्रति भी लोगों को समझाया गया। जनपदवासियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम में विशेष सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने शहर के पेट्रोल पंपों पर भी नो हेलमेट नो फ्यूल के प्रति बाइक सवारों को जागरूक भी किया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी बदमाश घायल, असलहा बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के ग्राम तीतरवाड़ा में फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे 25-25 हजार रूपए के दो इनामी बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आत्मरक्षा में की गई पुलिस फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो खोखे और चार जिंदा कारतूस द्ध315 बोरऋ बरामद किए गए हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में भर्ती कराया गया है।

विदित रहे कि गत 31 दिसंबर को ग्राम तीतरवाड़ा निवासी सरवर उर्फ कल्लू पुत्र अ"यूब अपनी कार से घर लौट रहा था। घर के भीतर वाहन खड़ा करते समय मोटरसाइकिल सवार सावेज पुत्र इरफान, सूफियान पुत्र शाहिद तथा उनके एक अन्य साथी से टक्कर हो गई थी। विवाद बढ़ने पर आरोप है कि सावेज ने फायरिंग कर दी। इस मामले में थाना कैराना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस एक आरोपी सूफियान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।इसके बाद गत 5 जनवरी को सरवर के घर के बाहर दोबारा फायरिंग की घटना सामने आई, जिस पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई।इसी क्रम में गुरुवार को जहानपुरा पुलिया, कांधला रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने वांछित अभियुक्तों सावेज पुत्र इरफान निवासी ग्राम तीतरवाड़ा तथा जुनैद पुत्र रियाज निवासी ग्राम बरनावी को घेर लिया। खुद को घिरा देख दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लग गई और उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचे, दो खोखे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, सावेज पर पूर्व में थाना कैराना में फायरिंग और जानलेवा हमले से जुड़े कई आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि जुनैद पर भी हालिया फायरिंग की घटना में मुकदमा दर्ज है। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं से और बढ़ी सर्दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार सुबह सवेरे से ही मौसम का मिजाज बदला नजर आया। आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया, जिससे सर्दी का असर अचानक बढ़ गया। सुबह के समय हल्की बारिश और ठंडी हवा के कारण बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम नजर आई। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दिए, वहीं चाय और अलाव का सहारा लेते हुए लोग सर्दी से बचाव करते नजर आए। मौसम में आए इस बदलाव से बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। किसान राजपाल सिंह, नासिर अली, देवेंद्र तोमर ने बताया कि पाला और हल्की बारिश गेहूं की फसलों के लिए लाभकारी मानी जा रही है, जिससे फसलों को नमी मिली है। हालांकि ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे दिनभर सर्दी का अहसास बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### आरएसएस कॉलेज में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रबंधक शैलेन्द्र मित्तल एवं प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के उद्देश्यों और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तीन दिवसीय शिविर के दौरान प्रशिक्षिका गीता रानी एवं गायत्री देवी द्वारा स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, स्काउट चिन्ह, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा तथा स्काउट और गाइड के इतिहास की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिविर में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेन्द्र कश्यप, अरुण कुमार, वैभव मित्तल, संदीप शर्मा, ज्योति शर्मा, रेणु सहित अन्य सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण शिविर से विद्यार्थियों को व्यवहा. रिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा मिलेगी।

### डेढ़ माह पहले हुई मारपीट का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मन्नामाजरा में दो ग्रुपों में हुई हिंसक झड़प से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस का कहना है कि घटना लगभग डेढ़ माह पहले की है,जिसमें 10 नामजद लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

ग्राम मन्नामाजरा में दो ग्रुपों में हुई हिंसा में जमकर लाठी-डंडे व तेजधार हथियार चले। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और हथियारों से हमला कर रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार विवाद पहले आपसी कहासुनी से शुरू हुआ था, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस द्वारा वीडियो की पहचान के आधार पर 10 नामजद लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट और जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि घटना लगभग डेढ़ माह पहले की है। उसी समय घटना का संज्ञान लेकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की थी। पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा में भगवान कृष्ण के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में चल रही मद् भागवत कथा के दौरान शुक्रवार को कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। कथा में भगवान कृष्ण के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने भगवान कृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि भक्ति और समर्पण का पावन संगम है। उन्होंने कहा कि माता रुक्मिणी की अटूट श्रद्धा और भगवान कृष्ण की करुणा इस विवाह कथा का मूल भाव है। कथा के दौरान द्वारिकाधीश के रूप में भगवान कृष्ण के वैभव, मंगल गीतों और शहनाइयों के साथ विवाह उत्सव का सजीव चित्रण किया गया।

कथावाचक ने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि सच्ची भक्ति और विश्वास से ईश्वर स्वयं अपने भक्त की रक्षा और सम्मान के लिए आगे आते हैं। विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा कथा पंडाल भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे ध्यान और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया। कथा के समापन पर विधिवत आरती की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति तथा सभी श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की गई।

# छात्राओं ने राहवीर योजना के प्रति किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को महाविद्यालय की छात्राओं ने कांधला कस्बे की बस्तियों में जा कर षराहवीर योजनाषप्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने बस्ती के लोगों को बताया कि राह-वीर योजना उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने वाले नागरिकों को सम्मानित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है, जिसमें तत्काल मदद करने वाले नागरिक को पच्चीस हजार रूपए का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिया जाता है, ताकि श्गोल्डन आवरश में घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम किया जा सके, जिसमें यूपी में भी यह योजना लागू है और कुछ जिलों में राह-वीरों को चुना भी जा चुका है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को श्गोल्डन आवरश (दुर्घटना के बाद का पहला घंटा) के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिक (राह-वीर) को राज्य स्तर पर पच्चीस हजार रूपए नकद और प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाता है। हर साल दस सर्वश्रेष्ठ राह-वीरों को एक लाख रूपए का राष्ट्रीय पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाती है। बहादुरी के कार्यों को दोहराने पर साल में कई बार सम्मान मिल सकता है।राह-वीर योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करती है और उन्हें वित्तीय व सामाजिक सम्मान प्रदान करती है। इस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू द्वारा किया गया।

## सरकारी अस्पताल में एचआरपी डे के तहत गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षित योजना के अंतर्गत एचआरपी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में पहुंची महिलाओं के खून की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, संतुलित आहार, समय पर दवा लेने और किसी भी परेशानी की स्थिति में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एचआरपी डे के तहत गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच की गई है, ताकि हाई रिस्क गर्भावस्था की पहचान समय रहते हो सके।



## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, सात माह की गर्भवती ने लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में रह रही बागपत जनपद के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।शुक्रवार को बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी दोस्ती गांव बिजरोल निवासी एक युवक से हुई थी। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया।पीड़िता का कहना है कि जब उसने शादी का दबाव बनाया और कोर्ट मैरिज की बात कही तो आरोपी ने उससे निकाह कर लिया। इसके बाद वह उसे कांधला कस्बे में स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर लेकर आ गया, जहां भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे वह सात माह की गर्भवती हो गई।आरोप है कि इसके बाद आरोपी पीड़िता को रिश्तेदार के घर छोड़कर फरार हो गया और अब उसे अपने साथ रखने से इनकार कर रहा है। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत, लापरवाह चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** खेत जाते समय तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे युवक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला आर्यपुरी निवासी राशिद पुत्र अ"यूब ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह अपने सगे भाई कासिम के साथ बाइक पर सवार होकर खेत जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाईवे पर स्थित हाजी साजिद की मार्केट के सामने पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही बाइक संख्या एचआर-06 बीके-0903 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार मामा-भांजे को भी हल्की चोटें आईं। सूचना मिलने पर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने कासिम को मृत घोषित कर दिया। वहीं राशिद की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित राशिद की तहरीर पर लापरवाह बाइक चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, मृतक कासिम का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## मुख्य मार्गों पर तिरंगा के अपमान को लेकर कोतवाल व ईओ से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शुक्रवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शहर शामली के मुख्य मार्गों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के कथित अपमान को लेकर शहर कोतवाली व ईओ से शिकायत की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शहर के बिजली घर के सामने सहित कई स्थानों पर नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट के पोलों पर पेंट के माध्यम से तिरंगे का चित्र बनाया गया है और कुछ जगहों पर तिरंगे को नीचे की ओर झुकाकर लगाया गया है, जो राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। शिकायत में कहा गया है कि इस प्रकार का कृत्य देश की भावनाओं को आहत करने वाला है और इसे देशद्रोह की श्रेणी में माना गया है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि जिस किसी ने भी यह कार्य किया है, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पोलों से तिरंगे के गलत चित्रण को तुरंत हटवाया जाए। इस संबंध में कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सभासद निशीकांत संगल, रमेश, राहुल कुमार, आकाश, अमित आदि मौजूद रहे।

# थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने प्रमुख सचिव से की भेंट, निर्माण कार्यों के प्रस्ताव सौंपे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** थानाभवन से विधायक अशरफ अली खान ने शुक्रवार को लखनऊ में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने शामली जिले से संबंधित महत्वपूर्ण सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण से जुड़े प्रस्ताव प्रमुख सचिव को सौंपे। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने शामली जनपद के अंतर्गत चीनी मिल मार्ग ऊन.थानाभवन मार्ग से गांगोर तक सड़क के चौड़ीकरण की मांग प्रमुखता से उठाई।

उन्होंने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा तथा स्थानीय लोगों और किसानों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही विधायक अशरफ अली खान ने गांव उमरपुर स्थित देवी मंदिर एवं शिव मंदिर तक पहुंच मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव भी सौंपा। उन्होंने कहा कि मंदिर मार्ग के निर्माण की मांग ग्रामीण लंबे समय से करते आ रहे हैं। इसके निर्माण से श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। प्रमुख सचिव अजय चौहान ने विधायक द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## अटल आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम नंगला बुजुर्ग, तहसील जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस विद्यालय में कक्षा 6 और कक्षा 9 में कुल 320 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिनमें कक्षा 6 में 160 तथा कक्षा 9 में 160 सीटें निर्धारित हैं। सहायक श्रमायुक्त शामली अचला पाण्डेय ने बताया कि वे निर्माण श्रमिक पात्र होंगे जिन्होंने 30 नवंबर 2025 तक बोर्ड की कम से कम तीन वर्ष की सदस्यता पूर्ण कर ली है। प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे एवं कोविड के कारण निराश्रित हुए वे बच्चे, जो महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीकृत हैं अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत आच्छादित हैं, आवेदन कर सकते हैं।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही सीसी टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान थाना झिंझाना की सीसी टीम अनेक स्थान पर पहुंचकर लगातार वाहन चालकों को यातायात नियमों पर जागरूक कर रही है इसी क्रम में शुक्रवार को थाने की सीसी टीम बिडोली में पहुंची और वहां उपस्थित लोगों को व वाहन चालकों को हेलमेट सीट बेल्ट व अन्य यातायात नियमों की जानकारी दी। शुक्रवार को यातायात सड़क सुरक्षा के दौरान थाना झिंझाना की क्रिटिकल कॉरिडोर सीसी टीम बिडोली की मेरठ करनाल हाईवे पर गुरुद्वारा मार्केट में पहुंची जिसमें प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश सिंह तथा कांस्टेबल अंकुर तोमर व कांस्टेबल गौरव तोमर आदि उपस्थित रहे जिन्होंने मार्केट में उपस्थित सभी लोगों और वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी उपनिरीक्षक सतीश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दुपहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए तथा किसी भी तरह का नशा कर वाहन को नहीं चलाना चाहिए वही कर चालकों व अन्य को सीट बेल्ट का इस्तेमाल नियमित रूप से करना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में वाहन चलाते हुए फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करते हुए खुद भी सुरक्षित रहे और लोगों को भी सुरक्षित रखें उप निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि नो हेलमेट और नो फ्यूल की तर्ज पर सभी पेट्रोल पंप पर भी जागरूकता की जा रही है कि किसी भी वाहन स्वामी को बिना हेलमेट के तेल नहीं दिया जाए जिस कारण सभी दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें।

# बलिदान दिवस पर अमर शहीद राजा नाहर सिंह का किया स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य जाट महासभा शामली की ओर से 1857 की क्रांति के अमर शहीद राजा नाहर सिंह के 168वें बलिदान दिवस तथा किसानों और गरीबों के मसीहा दीनबंधु सर छोटू राम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने राजा नाहर सिंह को 1857 की क्रांति का महानायक बताते हुए कहा कि उन्होंने बल्लभगढ़ से दिल्ली को 134 दिनों तक अंग्रेजों से सुरक्षित रखा, लेकिन धोखे से गिरफ्तार कर 9 जनवरी 1858 को चांदनी चौक पर उन्हें फांसी दे दी गई। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास में उनके बलिदान को वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं। इसके साथ ही सर छोटू राम की पुण्यतिथि पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि सर छोटू राम ने कर्ज मुक्ति अधिनियम जैसे कानून बनाकर किसानों को साहूक. ारों के चंगुल से मुक्त कराया और जीवन भर समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने द्विराष्ट्र सिद्धांत का विरोध किया और देश को विभाजन से बचाने का प्रयास किया। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष सुनील निर्वाल, बाबूराम पंवार, राजकुमार खोडसमा, रामपाल सिंह देशवाल, नरेश मलिक, दिव्य प्रभाकर, संजीव प्रधान, अभयदीप राणा, अनिरुद्ध मलिक, नितिन वर्मा, डॉ। ओमपाल सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस उप महानि. रीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन शामली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों के टर्नआउट, ड्रिल, अनुशासन और समन्वय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

इसके बाद डीआईजी ने पुलिस लाइन स्थित आरटीसी मैस, प्रशिक्षण व आवासीय बैरक, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की।



उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

डीआईजी ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेने के बाद ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी की और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा व जनसहयोग को मजबूत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शीत ऋतु को देखते हुए कंबलों का वितरण भी किया गया। इसके अलावा पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसामान्य की शिकायतें भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष व संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला सहित सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को मिले ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र

## बन्हेड़ा गांव में हैप्पी हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरित करने के साथ ही फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बन्हेड़ा गांव में हैप्पी हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि यह आयोजन समाज के उन लोगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है, जिन्हें वास्तविक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम आयोजक व हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. आमिर राव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में दर्जनों लोगों को ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र





समेत अन्य उपकरण दिए गए, इससे उनके जीवन में सहूलियत और आत्मसम्मान को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि असहाय व जरूरतमंद लोगो की सहायता करने से मन को शांति मिलती है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन सक्षम लोगो को करना चाहिए। इस मौके पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष चौधरी हैदर अली, जावेद मलिक, मुजीब, मो. नदीम आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# उद्यमियों व व्यापारियों ने स्टाम्प शुल्क में छूट देने पर सरकार का जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सरकार ने राहत देते हुए परिवार के सदस्यों के बीच औद्योगिक एवं व्यावसायिक संपत्तियों के हस्तांतरण के लिए केवल 5000 रुपये का स्टांप शुल्क देना होगा। प्रदेश सरकार के जनवरी 2026 से लागू किए गए इस आदेश का उद्यमियों ने स्वागत किया है।

इंडस्ट्रियल एस्टेट में आयोजित इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक में चेप्टर चेयरमैन विजेश कंसल ने कहा कि पहले सर्किल रेट पर स्टांप ड्यूटी लगती थी। लेकिन अब सरकार ने उद्योगों को बड़ी राहत दी है। इससे काफी समय से लंबित पड़े विवाद भूखंड/संपत्ति आसानी से 5000 रुपये की स्टांप ड्यूटी देकर निपट जाएंगे। पूर्व आईआईए अध्यक्ष दीपकराज सिंघल ने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश में व्यापार करने की सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।





प्रदेश सरकार का यह आदेश सराहनीय है। बैठक में उद्यमियों ने जीएसटी विभाग द्वारा विभिन्न उद्योगों पर अनावश्यक छापेमारी का विरोध करते हुए कहा कि इससे उद्योगों की प्रगति पर रोक लगेगी। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष विजय गिरधर, पंकज गुप्ता व जर्रार बेग ने भी विचार रखें। इस मौके पर कुणाल गिरधर, सचिन छाबड़ा, आदेश चौधरी, प्रवीण धीमान, पुनीत बंसल, रिषी कपूर, अंकुर गर्ग व हेमंत गिरधर आदि उद्यमि व व्यापारी शामिल रहे।

# मेधावी छात्रों को पुरूस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शूरा के सदस्य व जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि दारुल उलूम का अस्तित्व तभी तक है जब तक वह बुजुर्गों के बताए रास्ते और आदर्शों पर चलता रहे।

दारुल उलूम के लाइब्रेरी हाल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कारी अब्दुल रऊफ बुलंदशहरी की तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। इसमें दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया के हर कोने में की जा रही धार्मिक सेवाएं प्रत्यक्ष या



अप्रत्यक्ष रुप से दारुल उलूम और उसके जाने-माने विद्वानों के जरिए की जा रही हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे बेकार और फालतू कामों से पूरी तरह बचें और अपना पूरा ध्यान तालीम हासिल करने पर लगाएं। मौलाना मदनी ने किताबों के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि एक छात्र का किताबों से रिश्ता कभी नहीं टूटना चाहिए, बल्कि हर छात्र को अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए अपनी निजी लाइब्रेरी बनानी चाहिए। उन्होंने मौजूदा हालात का हवाला देते हुए छात्रों को नसीहत दी कि वे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के बेवजह इस्तेमाल से बचें क्योंकि इस समय दीनी मदारिस सांप्रदायिक शक्तियों के निशाने पर हैं, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरुरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दारुल उलूम का अस्तित्व तभी तक कायम है जब वह यह बुजुर्गों के बताए रास्ते और आदर्शों पर चल रहा है। कार्यक्रम में शिक्षा प्रभारी मौलाना हुसैन हरिद्वारी की ओर से पिछले वर्ष की

**दारुल उलूम में वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

शैक्षिक रिपोर्ट पेश की गई, साथ ही मेधावी छात्रों को पुस्तकें और नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की दुआ पर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी, मुफ्ती राशिद आजमी, मौलाना नेमतुल्लाह आजमी, मौलाना सलमान नक्शबंदी, मुफ्ती सलमान मंसूरपुरी, मौलाना शौकत बस्तवी, मौलाना खिजर कश्मीरी, मौलाना अफजल कैमूरी आदि शामिल रहे।

# अधिकारियों ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव में चौपाल का आयोजन कर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं की जानक. ारी लेने के साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कर रिकॉर्ड की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

देवबंद ब्लॉक की पंचायत दुगचाड़ी के मजरा मलकपुर में ग्राम चौपाल में बीडीओ अमित नारंग और मनरेगा लोकपाल राकेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और कई का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान बीडीओ अमित नारंग ने पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ कार्य कराने के निर्देश दिए।

वहीं मनरेगा लोकपाल राकेश चौधरी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत काम कर रहे मजदूरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने दो




टूक कहा कि मजदूरों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने पंचायत कर्मियों को सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम सचिव जितेंद्र धीमान, प्रधान प्रतिनिधि अजीत कुमार, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# पथराव व फायरिंग की घटना में अभी तक नहीं हुई कोई गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पथराव एवं फायरिंग की घटना में तीसरे दिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी से जुड़ा मामला होने के चलते पुलिस कार्रवाई में कोई खास दिलचस्पी नहीं ले रही है। जिसके चलते अभी केवल मामले की जांच की जा रही है।

बता दें, कि बुधवार की रात कहासुनी के बाद सैनी और कश्यप समाज के लोगों के बीच पथराव और फायरिंग हो गई थी, इसमें तीन लोग घायल हुए थे। हालात काबू करने के लिए एसी देहात सागर जैन सहित पांच थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। इसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई थी।

**■ भाजपा जिलाध्यक्ष से जुड़ा मामला होने के चलते पुलिस कार्रवाई में नहीं ले रही दिलचस्पी**

प्रकरण में पुलिस ने कश्यप समाज की ओर से दो और सैनी समाज की से एक प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी के सभासद भतीजे कुलदीप सैनी को भी नामजद किया गया है। मामले में तीसरे दिन भी पुलिस कोई गिरफ्तारी नहीं कर पाई। पुलिस का कहना है कि अभी जांच चल रही है, जांच उपरांत गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं, बताया गया है कि विवाद में समझौते के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

# श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी व राधा रानी के किए दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर कायस्थवाड़ा में चल रहे खिचड़ी उत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी हुई है। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और विवाह की पोशाक में सजे ठाकुर जी व राधा रानी के दर्शन कर अभिभूत हुए।

मंदिर में ठाकुरजी और राधा रानी के विवाह के दौरान दोनों को सेहरा बांधा गया और नीली व पीली चुनरी से गठबंधन किया गया। इस दौरान ठाकुरजी व राधा रानी के विवाह की पदावलियां गाई गईं। सखियन उर ऐसी आयी, ब्याह विनोद रचौ सुखदायी, लाडो जी थारों अविचरल रहे जी सुहाग तथा बन्ना बन्नी जे हैं आज मंगल गावों री आदि पदावलियों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। ठाकुर जी



को दही भला, जलेबी, समोसा के साथ खिचड़ी का भोग लगाया गया। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि नित प्रतिदिन श्रद्धालुओं को ठाकुरजी के छदम भेष में दर्शन कराए जा रहे हैं। बताया कि खिचड़ी उत्सव 20 जनवरी तक चलेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे।

# प्रधान सीट सामान्य या अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पंचायत चुनाव में प्रधान सीट सामान्य या अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा।

खेड़ामुगल गांव निवासी पंकज कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आगामी पंचायत चुनाव में खेड़ामुगल प्रधान सीट सामान्य या अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने की मांग है। पत्र में पंकज कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत खेडागुगल व नाफेपुर संयुक्त ग्राम पंचायत है, दोनो गांव की आबादी की जनसंख्या अनुपात में सामान्य जाति 10 प्रतिशत, पिछडा हिंदू जाति 15 प्रतिशत, पिछडा मुस्लिम 20 प्रतिशत

**खेड़ामुगल गांव निवासी पंकज कुमार ने जिलाधिकारी को भेजा पत्र**

और अनुसूचित जाति 30 प्रतिशत है। कहा कि आंकडों के अनुसार लंबे समय से अनुसूचित जाति का प्रधान न बन पाने से इस ग्राम पंचायत में पिछडा वर्ग व अनुसुचित जाति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का समूचित लाभ नहीं मिलता है। पंकज कुमार ने ग्राम प्रधान की सीट को सामान्य सुरक्षित करने की मांग की है। साथ ही पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री और पंचायतराज प्रकोष्ठ के मंत्री को भी भेजी है।

# भारत की आत्मा बसती है गांव में उसका चहुमुखी विकास सरकार की प्राथमिकता: धर्मपाल सिंह

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों, बजट एवं कानून व्यवस्था की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों, बजट एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई। उपाध्यक्ष मेडा द्वारा मंत्री का शॉल ओढ़ाकर व पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा समस्त विभागो के विकास कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि नगर पालिकाओ में प्रमुख स्थानो पर अलाव जलाए जाये तथा जहां पर जरूरत है वहा रैन बसेरे अवश्य बना दिये जाये। ग्राम पंचायत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि वीबी जी राम जी योजना गांव की गरीबी दूर करने की योजना है। गांव में किये जाने वाले विकास कार्यों को इसमें शामिल करते हुये ग्रामवा. सियो को रोजगार मुहैया कराया जाये।

तालाबो की साफ सफाई, जीर्णोद्धार किया जाये, पानी निकासी, प्रकाश व्यवस्था तथा ग्राम में खेल के मैदान प्राथमिकता पर विकसित किये जाये। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांव में बसती है गांव का चहुंमुखी विकास सरकार की प्राथमिकता में है, संबंधित अधिकारीगण सरकार की योजनाओ में प्रगति लाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से संबंधित बजट का शत प्रतिशत उपयोग कर लिया जाये। मेरठ पर्यटन की




दृष्टि से महत्वपूर्ण है। पर्यटन विकास हेतु सरकार की विभिन्न योजनाओ के तहत कार्य कराये जा रहे है, संबंधित अधिकारीगण सभी कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि अधिकारी समय-समय पर स्कूल, कॉलेजो में जाये, विद्यार्थियो के साथ अपने अनुभवो को साझा करें तथा मोबाइल का सही उपयोग कैसे करें उसके बारे में बताये। उन्होंने कहा कि सड़के विकास का पैमाना होती है संबंधित विभाग नई सड़क मार्ग निर्माण समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। रोजगारपरक ऋण योजनाओ पर ध्यान दिया जाये तथा बैंकर्स के साथ बैठक करते हुये पात्र लाभार्थियो को लाभान्वित किया जाये। चारागाह भूमि को कब्जामुक्त की कार्यवाही की जाये। तीन वर्ष से ऊपर के राजस्व वादो का निस्तारण शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। पशुपालन विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओ से लाभार्थियो को लाभान्वित किया जाये। वक्फ संपत्ति को चिन्हित कर कब्जामुक्त कराते हुये विकास कार्य को कराया जाये। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये धर्मपाल सिंह ने कहा कि अपराधियो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, जिलाध्यक्ष हरवीर पाल, सीडीओ नूपुर गोयल, उपाध्यक्ष मेडा संजय कुमार मीणा, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# चोरी के माल के साथ पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के सुभारती चौकी क्षेत्र में चोरों का आतंक कितना बढ़ रहा है कि उन्होंने एक घर को ही निशाना बना लिया उसमें रखे कीमती सामान और जेवर नगदी चुरा कर कर फरार हो गया। वहीं पीड़ित महिला नेहा सिंह प्रोफेसर सहायक ने जानी थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया था आय दिन क्षेत्र में चोरी होने से लोग डरे हुए हैं कहीं भी जाने से डरते हैं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सुभारती चौकी क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटना बढ़ती जा रही है घर बंद करके कहीं जा भी नहीं सकते। शुक्रवार को पुलिस ने एक शातिर चोर को भोला झाल क्षेत्र से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी चोरी की घटनाएं स्वीकार की है। आरोपी के पास से चोरी हुआ माल और गहने बरामद हुए आरोपी की पहचान अन्नु पुत्र वीर सिंह निवासी रोहटा के रूप में हुई आरोपी को पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# रंगदारी मांगने और हवाई फायरिंग करने वाले गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** चार दिन पूर्व थाना क्षेत्र के सुभारती बाईपास स्थित एक होटल स्वामी से दो व्यक्तियों ने होटल के बाहर हवाई फायरिंग की थी और रंगदारी मांगी थी। वादी के भतीजे को जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्द भी कहे थे। जिसमें पीड़ित ने एसटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया था और मामला इतना बढ़ गया कि गुरुवार को कई चौकी क्षेत्र की पुलिस फोर्स सुभारती बाईपास स्थित होटल स्वामी के बाहर तैनात रहा और तनाव की स्थिति रही इसी के चलते पुलिस ने क्षेत्र में माहौल न खराब हो इसलिए तत्परता दिखाते हुए रंगदारी और हवाई फायरिंग करने वालों को शुक्रवार बागपत बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान दीपक भड़ाना पुत्र वीर सिंह थाना मवाना देदूपुर निशांत भड़ाना पुत्र जयवीर सिंह निवासी परतापुर कुंडा के रूप में हुई। वहीं दोनों के गिरफ्तार होते ही क्षेत्र में माहौल सही दिखाई दिया और पुलिस ने राहत की सांस ली।

# क्यूब रूट फाउंडेशन ने ठंड में जरूरतमंदों को बांटे 200 कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा स्थित क्यूब रूट फाउंडेशन की ओर से चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच 200 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान



फाउंडेशन के परियोजना निदेशक बृजेश सिंह, अश्वनी चौहान, आलोक पांडे, शिवा कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे। ठंड के मौसम में जरूरतम. ंदों की सहायता करना मानवता का कर्तव्य है और आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने क्यूब रूट फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक सराहनीय कदम बताया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंकने का किया प्रयास, पुलिस ने छीना

**मेरठ।** कपसाड़ गांव में लड़की के अपहरण के दौरान हुई महिला की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसकी वजह से राजनीतिक माहौल गरमा गया है, और विपक्षी दलों ने मौजूदा प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार की सुबह समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार का पुतला फूंकने की कोशिश की इस दौरान सपाईयों और पुलिस के बीच हुई झड़प में पुलिस पुतला छीनने में सफल हो गई। और सपा कार्यकर्ता कमिश्नरी चौराहे पर ही धरने पर बैठ गए। जिन्होंने मौजूदा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी और सपा नेता हिमांशु सिद्धार्थ के नेतृत्व में कार्यकर्ता कमिश्नरी पार्क में इकट्ठा हुए।

# ठंडी रोटी मिलने पर होटल मालिक से हुआ विवाद

**गंगानगर।** गंगानगर थाना क्षेत्र के टीनू गुर्जर चौक पर दिलशाद होटल पर उस समय विवाद हो गया जब एक युवक ने रोटी ठंडी मिलने पर होटल मालिक से नाराजगी व्यक्त की और विवाद तो कह इतना बड़ा की मामला मार पिटाई में तब्दील हो गया होटल मालिक ने गंगानगर थाना में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि शुक्रवार को एक ग्राहक उनकी दुकान पर आया जिसने ठंडी रोटी का आरोप लगाते हुए दिलशाद के साथ मारपीट की और उसकी दाढ़ी भी खींची। होटल संचालक का कहना है कि ठंडी रोटी के नाम पर आरोपी ने उसके साथ बदसलुकी की है। इसके अलावा चेहरे पर भी हाथ मारकर उसको अपमानित किया गया है। गंगानगर थानाध्यक्ष ने कहा कि होटल मालिक ने थाने में तहरीर दी है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# जल निगम की समीक्षा बैठक में सभासदों ने लगाए आरोप

**सरूरपुर।** शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में जल निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक उस समय हंगामेदार हो गई, जब कस्बे की गंभीर पेयजल समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों का आक्रोश फूट पड़ा। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी सहित सभी वार्डों के सभासद मौजूद रहे। सभासदों ने एक सुर में जल निगम पर आरोप लगाते हुए कहा कि पेयजल योजना के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। कई वार्डों में आज तक नल से पानी नहीं पहुंच पाया है, जबकि जिन क्षेत्रों में आपूर्ति शुरू की गई है, वहां बदबूदार और दूषित पानी आ रहा है। जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सभासदों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्षों से लोग स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। लेकिन जल निगम की लापरवाही के चलते हालात जस के तस बने हुए हैं। बैठक के दौरान कुछ समय के लिए माहौल इतना गर्म हो गया कि अधिकारियों को जवाब देना मुश्किल हो गया। लेकिन सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उच्च स्तर पर शिकायत की



जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने भी जल निगम को कड़े शब्दों में फटकार लगाते हुए कहा कि कस्बे की पेयजल समस्या किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अय्यर को मंजूरी



● **भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को पसली में चोट लगी थी अपनी फिटनेस साबित करने के बाद वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे**

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम टीम का हिस्सा बनने की मंजूरी मिल गई है।

वहीं सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। श्रेयस को 15 सदस्ईय दल में शामिल तो किया गया था लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर तय था। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित करने के बाद शुक्रवार को वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। वड़ोदरा में में होने वाले पहले एकदिवसीय से केवल दो दिन पहले वह टीम के साथ जुड़ेंगे। भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में पसली में चोट लगी थी और इसके बाद वह पहली बार भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इस चोट के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाए हैं। सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि गुरुवार की सुबह तिलक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई और शुक्रवार को वह हैदराबाद वापस जाएंगे। उनकी हालत स्थिर है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वह फिजिकल और स्किल ट्रेनिंग वापस शुरू करेंगे। ट्रेनिग पर वापस आने के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए आखिरी दो टी-20 में उनके खेलने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। मुंबई के लिए 82 और 45 रनों की पारियां खेलकर अय्यर ने वापसी के लिए मजबूत इरादे दिखाए हैं। चोट के कारण शार्दुल की अनुपस्थिति में उन्होंने मुंबई की कप्तानी भी की है। भारत की एकदिवसीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सात जनवरी को वड़ोदरा पहुंच चुके है हैं। 15 सालों से अधिक के समय के बाद वड़ोदरा में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। नए बने कोटांबी स्टेडियम ने महिला वनडे और डब्ल्यूपीएल मैचों की मेजबानी की हैं। भारत की एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

# बीसीबी अधिकारी ने तमीम को कहा भारतीय एजेंट



● **नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई, इसके स्क्रीनशॉट तक से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं**

**ढाका, वार्ता।** पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल पर भारतीय एजेंट होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष एम नजमुल इस्लाम विवादों में घिर गए हैं। नजमुल ने यह टिप्पणी तब की जब तमीम ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि आने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर आखिरी फैसला लेने से पहले बीसीबी को क्रिकेट को सबसे ऊपर रखते हुए प्राथमिकता देनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बीबीसी के भारत न जाने के फैसले के बाद आई, जिसमें सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था, जब बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स से आने वाले आईपीएल से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से बाहर करने को कहा था। नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई है। इसके स्क्रीनशॉट तब से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इस बार बांग्लादेश के लोगों ने अपनी आंखों से एक और पक्के भारतीय एजेंट का उदय देखा। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने बीसीबी अध्यक्ष को पत्र लिखकर डायरेक्टर के सार्वजनिक माफी मांगने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल के बारे में की गई टिप्पणी बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) के ध्यान में आई है। हम इससे हैरान, स्तब्ध और गुस्से में हैं। सीडब्ल्यूएबी ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश के इतिहास के सबसे सफल ओपनर, जिन्होंने 16 साल तक देश का प्रतिनिधित्व किया, उनके बारे में बोर्ड के एक अधिकारी द्वारा ऐसी टिप्पणी पूरी तरह से निदनीय है। न केवल इसलिए कि यह तमीम जैसे खिलाड़ी से संबंधित है, बल्कि देश के किसी भी क्रिकेटर के बारे में ऐसी टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं और पूरे क्रिकेट समुदाय का अपमान है। हम इस टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हैं। जब कोई जिम्मेदार बोर्ड डायरेक्टर सार्वजनिक मंच पर ऐसी टिप्पणी करता है, तो इससे बोर्ड अधिकारियों के कोड ऑफ कंडक्ट पर भी गंभीर सवाल उठते

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान के कप्तान होंगे महबूब

**काबुल, वार्ता।** महबूब खान जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से शुरू होने वाले 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे। महबूब खान के पास यूथ एकदिवसीय स्तर पर अफगानिस्तान टीम का काफी अनुभव है, उन्होंने 2024 और 2025 एशिया कप टूर्नामेंट में अपने देश की कप्तानी की है और उन्हें एक ऐसी टीम की कमान सौंपी गई है जो स्पिन-बॉलिग टैलेंट से भरी हुई है। गेंदबाजी आक्रमण में सबसे खास नाम वाहिदुल्लाह जादरान का है। 18 साल के इस ऑफस्पिनर की काबिलियत इस बात से पता चलती है कि वह पिछले वर्ष आईएलटी-20 टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स के लिए सीनियर लेवल क्रिकेट खेल चुके हैं।

### सबालेंका व मुचोवा सेमीफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल के रीमैच में मैडिसन कीज को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 7 और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कीज को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया। इससे 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में सबा. लेंका का रिकॉर्ड 36 जीत और दो हार हो गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दो और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में एक खिताब शामिल है। मैच के बाद कोर्ट पर उन्होंने कहा कि यह जगह बहुत खास है। मैं हमेशा यहां बहुत अच्छा खेलती हूं और सेमीफाइनल में वापस आकर उत्साहित हूं। शनिवार के सेमीफाइनल में सबालेंका का मैच मुचोवा से होगा, जिन्होंने दिन में पहले पांचवें नंबर की रयबाकिना को हराया था। मुचोवा की दो घंटे चार मिनट में 6-2, 2-6, 6-4 की जीत ने रयबाकिना की 13 मैचों की जीत की लय को खत्म कर दिया।

# वावरिका को ऑस्ट्रेलिया ओपन वाइल्ड कार्ड मिला

● **मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टैन वावरिका को सीजन के पहले बड़े टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया है।

सिडनी से वावरिका ने कहा कि यह बहुत बढ़िया है। मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं,ष जहां शनिवार को वह यूनाइटेड कप सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ स्विट्जरलैंड का नेतृत्व करेंगे। इस शानदार मौके के लिए टेनिस ऑस्ट्रेलिया और क्रेग टिली को विशेष धन्यवाद। मेलबर्न में पिछले 20 सालों की मेरी बहुत सारी अच्छी यादें हैं। जहां मैंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था, वहां वापस जाना हमेशा खास होता है। मैं इसके लिए सच में उत्सुक हूं। वावरिका का ऑस्ट्रेलियन ओपन में 43-18 का रिकॉर्ड है। 2014 में, उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था, ट्रॉफी के रास्ते में नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल को हराया था। यह 20वीं बार होगा जब वावरिका ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिगल्स में हिस्सा लेंगे। पिछले साल वह पहले राउंड में लोरेंजो सोनेगो से चार कड़े सेटों में हार गए थे। एटीपी रैंकिंग में नंबर 156 खिलाड़ी ने 2006 के बाद से टूर्नामेंट का सिर्फ एक एडिशन मिस किया है और कम से कम पांच बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं।

# पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में

**पुरुष युगल में सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर हुई बाहर**



**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु को तीसरी सीड जापान की अकाने यामागुची के रिटायर होने से सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। यामागुची पहला गेम 21-11 से हारने के बाद मैच से रिटायर हो गईं।

सिंधु एक साल से ज्यादा समय बाद अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब सीजन के पहले मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिग वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची पहले गेम के बाद चोट के कारण रिटायर हो गईं। सिंधु गुरुवार को यामागुची की हमवतन टोमोका मियाजाकी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर में पहुंची थीं, लेकिन यामागुची के खिलाफ मुकाबला इतना आसान होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यामागुची अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिख रही थीं, क्योंकि सिंधु ने पहले गेम के इंटरवल में 11-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बीच में, पूर्व खिलाड़ी शॉट लगाने की कोशिश में चोटिल हो गई, और उनके टखने में मोच आ गई। पहला गेम खत्म होने में थोड़ा समय लगा, सिंधु ने इसे सिर्फ 12 मिनट में 21-11 से जीत लिया।

इसके खत्म होने के तुरंत बाद, यामाग. ुची अंपायर के पास गईं और उन्हें मैच से रिटायर होने के अपने फैसले के बारे में बताया और सिंधु से हाथ मिलाया। सिंधु आखिरी बार दिसम्बर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सेमीफाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्होंने हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराया था और फिर फाइनल में चीन की वूओ लुओ यू को आसानी से हराकर खिताब जीता था। वह सिंधु की आखिरी जीत थी और वह मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी ई या छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी में से किसी एक का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंधु, जो पैर की चोट के कारण बाहर थीं और अक्टूबर के बाद किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था, ने मियाजाकी पर अपनी जीत के बाद टॉप-लेवल प्रदर्शन बनाए रखने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। इस बीच सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी से 47 मिनट तक चले मुकाबले में 10-21, 21-23 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक-चिराग की हार के बाद अब टूर्नामेंट में सिंधु ही एकमात्र भारतीय चुनौती रह गई है। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी पहले ही हार गए थे।

# डब्ल्यूपीएल से भारतीय खिलाड़ियों में 'विनिंग माइंडसेट' आया है: हरमनप्रीत कौर

**कौर ने कहा: भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है**

**हमने वनडे विश्व का जीता, लेकिन अभी बहुत सी चीजें बाकी: मंधाना**



**मुंबई, वार्ता।** भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान और भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य टी-20 विश्व कप 2026 है और डब्ल्यूपीएल उस लक्ष्य तक पहुं. चने का एक अहम रास्ता है। दोनों ने डब्ल्यूपीएल 2026 के उद्घाटन मैच से पहले बताया कि आने वाला यह सीजन किस तरह वनडे चैंपियन को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनने में मदद कर सकता है। मंधाना ने कहा कि अगर हम टी-20 विश्व कप जीतते हैं, तो बहुत बढ़िया होगा।

हमने वनडे विश्व कप जीता है, लेकिन टीम में अभी भी बहुत सी चीजें हैं, जिन पर हमें काम करना है। हम सच में ऐसा समय चाहते हैं, जब हम कह सकें कि 'हां हम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं। मुझे लगता है कि हमें अभी भी बहुत सुधार करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को आने वाले सालों में कम करेगा। जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं, हम हमेशा बात करते हैं कि हम सिर्फ एक या दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बनना चाहते हैं। मैं सोचती हूं कि हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है। वनडे विश्व कप जीते हुए डेढ़ महीना ही हुआ है और डब्ल्यूपीएल उसी लय को आगे बढ़ाएगा। डब्ल्यूपीएल में लौटना हमेशा रोमांचक रहता है क्योंकि घरेलू खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और यह अनुभव महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। तो मुझे भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल उस मोमेंटम को आगे ले जाएगा, जो हमें विश्व कप ने दिया और उम्मीद है कि यह हमेशा ऐसे ही चलता रहे। वहीं हरमनप्रीत ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी है कि भारतीय टीम में आ रही युवा खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ियों के लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं और इसका श्रेय डब्ल्यूपीएल को जाता है, जिसने जीतने वाली सोच दी है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ एक विश्व कप से संतुष्ट नहीं हैं। हमारे पास इस साल और अगले दो-तीन साल में बहुत क्रिकेट है। हर बार जब हम मैदान पर जाते हैं, तो हम सबसे बेहतरीन माइंडसेट के साथ जाना चाहते हैं और वही माइंडसेट हमारे लिए सबसे जरूरी है। अच्छी बात यह है कि सिर्ध हम ही नहीं, बल्कि बाकी खिलाड़ी भी यही सोचते और बोलते हैं कि हम हमेशा चैंपियन बनना चाहते हैं। इससे दिखता है कि डब्ल्यूपीएल ने हम पर कितना बड़ा असर डाला है। हरमनप्रीत ने यह भी समझाया कि यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को दबाव में खेलने के लिए कैसे तैयार करता है। अब खिलाड़ी अपने कंफर्ट जोन में नहीं हैं। वे बहुत मेहनत कर रहे हैं। वे विदेशी खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ़ खेल रहे हैं, तो वे उनसे बहुत कुछ सीख रहे हैं।

# डु प्लेसिस-विस चमके, मैच रद्द

● **डुप्लेसिस व जेम्स विस ने आक्रामक शरुआत करते हुए 73 रनों की साझेदारी की ले खराब मौसम के चलते मैच रद्द हो गया**

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** वांडरर्स मैदान पर गुरुवार शाम पार्ल रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला खराब मौसम के कारण रद्द हो जाने के बाद जॉबर्ग सुपर किंगस (जेएसके) ने एसए20 तालिका में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दोनों टीमों को दो-दो अंक मिले, जिससे सुपर किंगस के 17 अंक हो गए, जबकि रॉयल्स 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने रहे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने साफ आसमान के बीच टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने बाद में कहा कि वह भी पहले बल्लेबाजी ही चुनते और उन्होंने शुरुआत में इसका भरपूर फायदा उठाया। डु प्लेसिस और नए ओपनिग साथी जेम्स विस ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 7.3 ओवर में 73 रनों की साझेदारी की। इससे पहले एमआई केप टाउन के खिलाफ 32 रनों की तेज शुरुआत कर चुकी इस जोड़ी ने इस बार उसे और आगे बढ़ाया। पूरी तरह से गेंद को बीचों-बीच न लगाने के बावजूद डु प्लेसिस ने 24 गेंदों में 39 रन (6 चौके, 1 छक्का) ठोक दिए और रॉयल्स के किशोर तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना को उनके बुलरिग डेब्यू पर कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने मोकोएना के पहले ओवर में दो चौके लगाए, जबकि अगले ओवर में तीन चौकों और एक छक्के के साथ रफ्तार और बढ़ा दी। उधर, विस ने भी बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फॉर्टुइन को एक छक्का और एक चौका जड़कर दबाव में रखा। पावरप्ले के अंत तक सुपर किंगस बिना विकेट खोए 64 रन बना चुके थे। हालांकि, सातवें ओवर में रॉयल्स ने अपने 'गोल्डन आर्म' सिकंदर रजा को गेंद सौंपी और जिम्बाब्वे के टी-20 कप्तान ने पहली ही गेंद पर असर दिखाया। उन्होंने शानदार ऑफ-स्पिनर से डु प्लेसिस को क्लीन बोल्ड किया। गेंद हवा में ड्रिफ्ट करती हुई अंदर आई, पिच पर पकड़ बनाकर घूमी और सीधे स्टंप्स से टकराई। इसके बावजूद जेएसके की रफ्तार थमी नहीं। मैथ्यू डी विलियर्स और विस ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 56 रन जोड़े। विस ने 33 गेंदों में अपना पहला एसए20 अर्धशतक पूरा करने के बाद एंकर की भूमिका निभाई, जबकि डी विलियर्स ने 22 गेंदों में तेज 30 रन बनाकर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया। इस समय सुपर किंगस 200 के आसपास के स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रजा (2/26) ने फिर से हस्तक्षेप किया और डी विलियर्स को लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर कैच कराकर प्रतियोगिता में सिर्फ तीन मैचों में अपना नौवां विकेट हासिल किया।

# सभी छह फ्रेंचाइचियों ने कोचों को नियुक्त किया

**लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने अपने पांचवें सीजन से पहले सभी छह फ्रेचाइजियों के लिए कोचिग बेंच की पुष्टि कर दी है। लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है, क्योंकि पीडब्ल्यूएल 2026 में अपनी वापसी की तैयारी कर रही है। रिकॉर्ड तोड़ खिलाड़ी नीलामी के बाद फ्रेचाइजियों द्वारा अपने तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करना, पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में संरचित तैयारी, प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन और एथलीट विकास पर पीडब्ल्यूएल के फोकस को दर्शाता है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत, पीडब्ल्यूएल 2026 का आयोजन 15 जनवरी से 2 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक टाई में पांच पुरुष और चार महिला भार वर्गों में कुल नौ मुकाबले होंगे। सात साल के अंतराल के बाद लीग की वापसी के साथ, सभी फ्रेच. इजियों में कोचिग नेतृत्व की गुणवत्ता और गहराई यह दर्शाती है कि मैट पर विश्वस्तरीय प्रतिभा को मैट के बाहर उतनी ही सक्षम मार्गदर्शन के साथ जोड़ा जा रहा है।

**दिल्ली दंगल वॉरियर्स: जगमिदर सिंह बने कोच**-दिल्ली दंगल वॉरियर्स की कमान चीफ कोच के रूप में जगमिदर सिंह संभालेंगे, जो भारतीय कुश्ती के सबसे सम्मानित नामों में से एक हैं। दो बार के ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता जगमिदर ने कई पीढ़ियों के शीर्ष पहलवानों को गढ़ा है, जिसमें 2010 में सुशील कुमार को भारत का पहला पुरुष फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण दिलाने में उनकी अहम भूमिका शामिल है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में विक्रम शर्मा जुड़ेंगे, जो एक सफल अंतर्राष्ट्रीय ग्रीको-रोमन कोच और वर्ल्ड पुलिस गेम्स चैंपियन रह चुके हैं। यह जोड़ी नीलामी में स्टार खिलाड़ियों से सजी दिल्ली टीम को ओलंपिक स्तर की समझ और तकनीकी संतुलन प्रदान करेगी।

**महाराष्ट्र केसरी के कोच बने अनिल कुमार मान** -महाराष्ट्र केसरी ने चीफ कोच के रूप में अनिल कुमार मान की नियुक्ति की है। वह कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता रह चुके हैं और एक मेंटर के रूप में उन्होंने टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता रवि दहिया जैसे ओलंपिक पदकधारियों को तैयार किया है। सहायक कोच भारती बघेल हैं, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू प्रमाणित महिला कोच और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान हैं, जिन्हें जूनियर विश्व और एशियाई चैंपियनशिप का अनुभव है। यह जोड़ी चैंपियनशिप अनुभव और आधुनिक, खिलाड़ी-केंद्रित प्रशिक्षण प्रणाली का संतुलन दर्शाती है।

**हरियाणा थंडर्स: वीरेंद्र दहिया को कोच पद की जिम्मेदारी**-हरियाणा थंडर्स ने अपने कार्यक्रम की जिम्मेदारी चीफ कोच वीरेंद्र दहिया को सौंपी है, जो भारत की राष्ट्रीय महिला कुश्ती टीम के कोच हैं और महिला कुश्ती में देश के हालिया वर्चस्व के प्रमुख शिल्पकार माने जाते हैं। ओलंपिक, विश्व, एशियाई और कॉमनवेल्थ स्तर पर दशकों के अनुभव के साथ उनका नेतृत्व हरियाणा की महिला कुश्ती परंपरा के अनुरूप है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में एसबी प्रसाद होंगे, जो भारतीय वायुसेना के अधिकारी और अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय कोच हैं, विशेष रूप से अंडर-23 और सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

**पंजाब रॉयल्स: ग्रीको-रोमन में महारत**-पंजाब रॉयल्स की अगुवाई चीफ कोच हरगोबिद सिंह संधू करेंगे, जो साई में भारत के ग्रीको-रोमन के मुख्य राष्ट्रीय कोच और ओलंपियन हैं। उनके प्रशिक्षित पहलवानों ने कॉमनवेल्थ, एशियाई और विश्व स्तर पर पदक जीते हैं। उनके साथ सहायक कोच सोनू खत्री होंगे, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू लेवल 1 और 2 प्रमाणित राष्ट्रीय कोच हैं और रेलवे से जुड़े हुए हैं। उनका अनुभव आयु-वर्ग से लेकर सीनियर अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक फैला हुआ है, जिससे पंजाब की रणनी. तिक मजबूती बढ़ेगी।

**टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स: अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और अनुशासन**-टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के चीफ कोच चंद्र विजय सिंह होंगे। दो बार पीडब्ल्यूएल खिताब जीत चुके सिंह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच हैं और उन्होंने ओलंपिक, एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में उन्होंने अंडर-23 विश्व स्वर्ण पदक विज. ेताओं का मार्गदर्शन किया है।

**यूपी डोमिनेटर्स: विनोद कुमार मुख्य कोच**-यूपी डोमिनेटर्स के चीफ कोच विनोद कुमार होंगे, जो 1988 सोल ओलंपियन, पूर्व मुख्य राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हैं। उनका करियर कई ओलंपिक चक्रों, एशियाई खेलों और कॉमनवेल्थ गेम्स की सफलताओं तक फैला है। उन्होंने दिसम्बर में आईपीएल नीलामी के लिए भी अपना नाम दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे

● **एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा मार्नस लाबुशेन और स्मिथ समेत कई खिलाड़ी वापसी करेंगे**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुज. रेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं। बोलैंड ने एशेज सीरीज में सबसे अधिक 159-5 ओवर फेंके, जबकि हेड ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि सभी टेस्ट खिलाड़ी रिकवरी और आने वाले अंतर्राष्ट्रीय मैचों, जिसमें टी-20 विश्व कप भी शामिल है, की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रबंधन योजना का अनुसरण करेंगे, साथ ही जहां भी संभव होगा बीबीएल में हिस्सा लेने की भी अनुमति दी जाएगी।

# अवैध खनन पर सख्ती बरतें अफसर:सुनील

## प्रभारी मंत्री ने की कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा, स्वच्छता व गौशालाओं पर दिया जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर रख-रखाव, नियमित सफाई एवं हाईजीन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री शर्मा आज सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक में स्वच्छता, गोशालाओं के संचालन, अवैध खनन, यातायात व्यवस्था तथा अतिक्रमण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को शौचालयों का औचक निरीक्षण करने तथा यूरिनल की प्रतिदिन सफाई कराने को कहा। साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष विद्यालयों में कार्य पूर्ण कराने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने के निर्देश दिए। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर



देते हुए प्रभारी मंत्री ने वर्मी कम्पोस्ट, गोपेंट, गोनाइल, उपले एवं गो-काष्ठ जैसे गो-उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक गाय एक परिवार का पालन कर सकती है, इसकी महत्ता को समझते हुए आमजन को गो-उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। सभी विभागों को गोशालाओं में निर्मित उत्पादों का प्राथमिकता से उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए। अवैध खनन पर सख्ती के निर्देश देते हुए उन्होंने ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, बिना नंबर प्लेट एवं बिना माइनिंग टैग के वाहनों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रखने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में प्रवर्तन कार्यवाही बढ़ाई गई है तथा चेकपोस्ट भी स्थापित किए गए हैं। बैठक में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़क सुरक्षा के लिए विभागीय समन्वय, अतिक्रमण हटाने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने तथा नदियों को अतिक्रमण मुक्त रखने पर भी जोर दिया गया। जिला पंचायत को अपने अधिकार क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने तथा सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित होने पर ही एनओसी देने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत प्रभारी मंत्री ने विकसित भारतदृजी राम जी (गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण) के तहत चलाए जा रहे जनजागरण अभियान की जानकारी मीडिया को दी।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईपीसीएच में विशेष आमंत्रित सदस्य बने निर्यातक औसाफ गुड्डू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** प्रसिद्ध समाजसेवी और निर्यातक



औसाफ गुड्डू को भारत सरकार के अधीन संस्था हैंडिक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट की प्रबंध समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिससे पूरे जनपद के निर्यातकों व राजनेताओं में खुशी का माहौल है।

औसाफ गुड्डू लंबे समय से सहारनपुर के लकड़ी उद्योग को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे है। उन्होंने हमेशा लकड़ी कारीगरों और इस उद्योग से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं को प्रदेश और केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिये एक सेतू का काम किया है। यहां तक कि नियमों, कच्चे माल, निर्यात और रोजगार से जुड़ी दिक्कतों के समाधान के लिए उन्होंने कई स्तरों पर संवाद किया। उनके प्रयासों से न सिर्फ कारीगरों को राहत मिली है, बल्कि लकड़ी उद्योग को नई उम्मीद भी मिली है। औसाफ गुडडू ने व्यक्तिगत प्रयासों से पिलखनी में वुडकार्विंग कलस्टर स्थापित करवाने का काम किया। करोडों रुपयों की इस योजना से आज लकडी कारोबारी व निर्यातक लाभांवित हो रहे है।

औसाफ गुडडू के सदस्य बनाये जाने पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, सांसद इमरान मसूद, विधायक शाहनवाज खान, बेहट विधायक उमर अली खान, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ.मुजफ्फर, मसूद बदर, निर्यातक हाजी इरफान अंसारी, हाजी प्रवेज अंसारी, रिजवान खान, शेख फैजान, विजय गोयल, दीपक बंसल, अशोक अग्रवाल, अनवार अहमद, राव महबूब, साबिर अली खां, साकिब रजा आदि ने खुशी जताते हुए अपनी मुबारकबाद पेश की।

जामिया रहमत घघरौली के प्रबंधक डा.अब्दुल मालिक मुगीसी ने औसाफ गुड्डू को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति सिर्फ सहारनपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लकड़ी उद्योग से जुड़े कारीगरों और व्यापारियों के लिए गर्व की बात है। औसाफ गुड्डू ने हमेशा ईमानदारी, सच्चाई और समझदारी के साथ कारीगरों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि औसाफ गुड्डू जैसे योग्य और समर्पित व्यक्ति का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करना सहारनपुर के लिए गर्व की बात है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

# जोन छह में सीलिंग की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकास क्षेत्र में अवैध एवं अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उपाध्यक्ष एवं सचिव के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार, को जोन संख्या-6 के अंतर्गत सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर किए जा रहे अनाधिकृत निर्माणों को चिन्हित करते हुए उन्हें सील किया। कार्रवाई के दौरान नकुड़ तिराहा, अंबाला रोड से मानकमऊ जाने वाली सड़क पर बाईं ओर स्थित लगभग 40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्माणाधीन दुकान को सील किया गया। इसके अतिरिक्त मानकमऊदृगंगोह रोड पर भूतल में नौ दुकानों के निर्माण हेतु खड़े किए गए 30 आरसीसी कॉलम एवं दीवार चिनाई कार्य को भी सील किया गया।



वहीं गंगोह रोड पर पूर्व निर्मित लगभग 50 वर्ग मीटर भूखंड पर दो दुकानों के ऊपर दो और दुकानों के निर्माण कार्य को भी सील कर दिया गया।

सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सीलिंग की कार्रवाई अवर अभियंता प्रदीप कुमार गोयल, मेट रामगोपाल, रिजवान शामिल रहे।

## डीएवी के छात्र का रांची में शानदार प्रदर्शन

**गंगोह।** रांची मे आयोजित राष्ट्रीय स्तर की त्रिदिवसीय डीएवी नेशनल खेल प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 3000 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक वर्ग में एसपीएम डीएवी स्कूल गंगोह के छात्र पीयूष ने स्वर्ण पदक जीतकर परिजनों, स्कूल व गंगोह का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप सिंह ने छात्र को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की जीवन में खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला और अन्य को इससे प्रेरणा लेने की नसीहत दी।

शारीरिक शिक्षक संदीप, अध्यापिका बबीता नामदेव, सादिक राणा, राखी धीमान, अमरीश, विनोद, अरुण आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक दायित्व निभाता रहेगा आईएमए: डा.प्रवीण

शाह टाइम्सब्यूरो

**सहारनपुर।** आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों द्वारा एस.ए.एम. इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों को स्वेटशर्ट वितरित किए गए।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने सभी सदस्यों का उनके बहुमूल्य समय और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में अन्य विद्यालयों में भी मेधावी छात्रों को स्वेटशर्ट वितरित किए जाएंगे। आईएमए सचिव डॉ. नीरज आर्या ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अगला स्वेटशर्ट वितरण कार्यक्रम 10 जनवरी को प्रात: 10बजे एच.ए.वी. इंटर कॉलेज, ओल्ड कलसिया रोड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आईएमए के सभी सदस्यों एवं उनके बच्चों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने



के लिए आमंत्रित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गुप्ता सहित शिक्षकों एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर

कार्यक्रम में आईएमए के कोषाध्यक्ष डॉ. अनुपम मलिक, कार्यक्रम संयोजक एवं सामाजिक सेवा प्रभारी डॉ. ऋतु जैन, डॉ. पंकज खन्ना, डॉ. रिक्की चौधरी, डॉ. रेणु शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के बनाए आयुष्मान कार्ड :डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत शेष छूटे हुए पात्र परिवारों, उनके सदस्यों तथा 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड से संतृप्त किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा बीआईएस-2.0 के अंतर्गत आयुष्मान ऐप के माध्यम से लाभार्थियों को स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत लाभार्थी स्वयं, उनके सहायक अथवा स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए यूएमपी पोर्टल पर ऑपरेटर बीआईएस आईडी बनाने की आवश्यकता नहीं है। बीआईएस पोर्टल अथवा आयुष्मान ऐप में बेनिफीशरी विकल्प का चयन कर संचालित मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को योजना से जोड़ते हुए उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

# आईआईटी रुड़की करेगी पेयजल में आर्सेनिक व हैवी मैटल की जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महानगर के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम द्वारा अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर महानगर के अधिकांश बड़े ट्यूबवेलों पर इलेक्ट्रॉनिक डोजर मशीन से क्लोरिन की आपूर्ति की जा रही है तथा शहर के सभी वार्डो में घर-घर जाकर पानी के नमूने लिए जा रहे है और क्लोरिन की जांच की जा रही है। इसके अलावा जल निगम ग्रामीण की लैब में भी हर रोज पानी के दस नमूनों की जांच करायी जा रही है।

महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जल निगम ग्रामीण की लैब में अभी तक सौ से ज्यादा नमूनों की फिजिकल, केमिकल एवं बैक्टिरियोलॉजिकल जांच करायी गयी है, सभी नमूनों की टेस्ट रिपोर्ट सामान्य पायी गयी है। उन्होंने बताया कि पेयजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड, व अन्य हैवी मैटल की जांच आई आई टी रुडकी से कराने की प्रक्रिया भी चल रही है। उन्होंने बताया कि घर घर जाकर अमृत मित्रों द्वारा हर रोज करीब 450 नमूने लेकर क्लोरीन की जांच की जा रही है। इसके अलावा विभागीय वाहनों द्वारा भी प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार क्लोरिन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ओवर हैड टैंकों की सफाई दो माह पहले ही करायी जा चुकी है, प्रत्येक 06 माह बाद ये सफाई करायी जाती है। उन्होंने बताया कि निगम की जल प्रयोगशाला का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है, जल्दी ही इसमें नमूनों की जांच शुरु कर दी जायेगी। महाप्र.



बंधक जल ने बताया कि शिकायतों में सबसे पहले गंदे पानी की शिकायत का निस्तारण किया जा रहा है तथा सीवर लाइन व चौंबर की मरम्मत तत्काल करायी जा रही है, और यदि सीवर चोक की सूचना मिल रही है तो जेटिंग मशीन से उसकी सफाई करायी जा रही है। महाप्रबंधक जल ने बताया कि शहर में पाइप लाइनों के निरीक्षण के दौरान 08 स्थानों पर नाले-नालियों के ऊपर से गुजरने वाली पेयजल पाइप लाइन बदलने की आवश्यकता सामने आई है। इसके लिए प्राक्कलन तैयार कर पाइप लाइनों को बदलने की कार्रवाई की जा रही है। दो स्थानों पर पेयजल पाइप लाइन को बदला भी जा चुका है। उन्होंने बताया कि पुरानी पेयजल पाइप लाइनों को बदलने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन करोड़ 60 लाख का बजटीय प्रावधान है, जिसके अंतर्गत अनेक वार्डो में क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइन नयी पेयजल पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। करीब एक करोड़ 25 लाख के कार्य कराये गए हैं। उन्होंने बताया कि 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत 03 करोड़ रुपये की राशि नई पेयजल पाइप लाइन बिछाये जाने के लिए आवंटित है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों के स्थान पर नई सीवर लाइन बिछाने के लिए 15 वें वित्त आयोग में 04 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित है। जिसके सापेक्ष एक करोड़ 40 लाख के कार्य कराये जा रहे हैं।

## असामाजिक तत्वों का अड्डा खंडर भवन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** छात्राओं के विद्यालय के आगे खंडर हुए भवन में असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। जिससे छात्राएं व स्टाफ परेशान हैं।

मोहल्ला कानून गोयान निकट होली चौक के पास स्थित आर्य कन्या इंटर कालेज हैं। जहां पर पांच सौ से अधिक छात्रा शिक्षा ग्रहण करती हैं। विद्यालय के आगे एक भवन खंडर अवस्था में पड़ा हुआ है। जहां पर नशेड़ी व अन्य असामाजिक तत्वों का आना जाना रहता है। जिससे विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राएं अपने को असुरक्षित महसूस करती हैं। छुट्टी के समय भी असामाजिक तत्व खड़े रहते है। एक अध्यापिका ने बताया कि कई बार पुलिस को भी अवगत कराया गया है। मगर पुलिस दो या चार दिन गश्त करने के बाद फिर नही आती है।

# चोरों ने निशाना बनाए किसानों के नलकूप



शाह टाइम्स संवाददाता

**गागलहेड़ी।** गांव खजुरी अकबरपुर के जंगल में एक बार फिर चोरो ने किसानों के नलकूपों को निशाना बनाकर कीमती सामान चोरी कर लिये है।वहीं पुलिस भी चोरी की घटना की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की बीती रात को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव खजुरी अकबरपुर के जंगल में चोरो ने आतंक मचाते हुए आधा दर्जन नलकूपो पर नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।पीड़ित किसान चंचल यादव,अरुण पुत्र महिपाल, अशोक पुत्र रामलाल, अशोक यादव पुत्र सवराज ,विनोद पुत्र रामकला ,गाँधी पुत्र इकबाल ,सागर पुत्र राकेश ,रामभूल पुत्र पुन्ना ,वीरेंद्र पुत्र दल सिंह के नलकूपों से विद्युत उपकरण व कीमती सामान चोरी कर लिए है, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी पीयूष दीक्षित ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ नलकूप उपकरण चोरी का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

पुलिस टीम लगाकर चोरो की तलाश जारी है। चोरो को जल्द पकड़ लिया जायेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय शायर बिलाल सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय शायर बिलाल सहारनपुरी को उनकी शायरी के लिए जामा मस्जिद में सम्मानित किया गया।

जामा मस्जिद कलां के दफ्तर में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय शायर बिलाल सहारनपुरी को जामा मस्जिद प्रबन्धक कमेटी की ओर से उनकी शायरी व समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान बिलाल सहारनपुरी ने अपनी गजल, शेर व कलाम सुनाकर सामाईन को मंत्रमुग्ध किया। जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी ने कहा कि बिलाल सहारनपुरी द्वारा अपनी शायरी के माध्यम से समाज में जो एक व्यापक संदेश दिया है उसकी कोई मिसाल नही है। इस दौरान हाजी शाहिद जुबैरी, जमीर अहमद, आलिम बख्शी, डा. फुरकान गौरी आदि मौजूद रहे।

# महिलाएं स्वावलंबी बनें: अनिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरसावा।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रोजगार से जोड़ने के लिए जनसेवा सामाजिक संस्था ने पहले करते थाना क्षेत्र क्षेत्र के गांव मीराजादी में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण सेंटर खोला जिसका ग्रामीण लोगों ने स्वागत करते बैहतर कदम बताया।

बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव मीराजादी में खोले गए ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण सेंटर के उद्घाटन पर बोलते संस्था के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार ने बताया कि महंगाई के इस दौर में बालिकाओं, महिलाओं को रोजगार से जोडने आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संस्था की ओर से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण केन्द्र खोले जा रहे हैं ताकि प्रशिक्षण लेकर महिलाएं रोजगार से जुड़ सके।इस मौके पर संस्था की ओर से महिलाओं से आह्वान किया गया कि वे बच्चों को संस्कारी बना नशा पृवत्ति से दूर रखें।



प्रशिक्षण कर्ता ममता देवी ने सभी महिलाओं से कहा कि वे स्वालंबी बन प्रशिक्षण केन्द्र पर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन गांव की बुजुर्ग महिला फुल्लो देवी ने किया।

इस मौके पर मुस्कान, ममता, सुमन, सुनीता, कौशल, कैलाशो देवी, अनिल रीतु आदि गांव की महिला पुरुष मौजूद रहे।

## जनजीवन अस्त व्यस्त

**नकुड़।** शुक्रवार को नकुड़ क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान गिरकर मात्र तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही पूरे इलाके में घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को कोहरे और शीतलहर के कारण हालात इतने गंभीर रहे कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। सर्दी का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दिया, जहां दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर करीब दो बजे के आसपास सूर्य के दर्शन होने पर लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। कम तापमान का दुष्प्रभाव फसलों पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार जहां कम तापमान गेहूं की फसल की बढ़वार के लिए अनुकूल माना जाता है।

# टोल प्लाजा मालिक समेत 4 गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरसावा।** टोल प्लाजा सरसावा पर अपराधिक पडयंत्र के तहत धोखाधड़ी कर कुटरचित रशीद तैयार कर किसानों ट्रैक्टर चालकों से अवैध धन उगाही करने की सूचना पर टोल प्लाजा मालिक सहित मैनेजर एवं दो कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया है।

गिरफ्तार लोगों के कब्जे से एक रशीद बुक,आठ रशीद 130 रुपए की कटी हुई तीन पर्ची। बरामद हुए। हालांकि गिरफ्तारी के बाद थाने के सामने कुछ लोगों द्वारा पुलिस एवं भाजपा पार्टी के खिलाफ नारे लगाते हुए मामला राजनीति से प्रेरित बताया गया। शुक्रवार को राम प्रसाद गुप्ता क्षेत्रीय लेखपाल सदर की लिखित तहरीर पर अभियुक्त टोल प्लाजा मालिक कमलजीत पुत्र कुलतार सिंह सरसावा,कालू सिंह राणावत सरसावा टोल मैनेजर, कर्मचारी सागर पुत्र दिनेश, अक्षय पुत्र राजपाल सिंह पुलिस मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद कुछ लोगों द्वारा थाना के सामने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाये।

## पीड़ित परिवार के दुख में वाल्मीकि समाज साथ: कैलाश चंदोला

**मेरठ।** सरधना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में गुरुवार को हुई दुखद घटना से हर कोई स्पब्ध नजर आ रहा है। सफाई कर्मचारी संघ के कद्दावर नेता कैलाश चंदोला ने एक प्रेसनोट जारी कर कहा है कि वाल्मीकि समाज भी पीड़ित परिवार के साथ है। और वाल्मीकि समाज के बुद्धिजीवी जल्द ही पीड़ितों से मिलने कपसाड़ जाएंगे तथा जो भी मदद बन पड़ेगी वह भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले को दबने नहीं दिया जाएगा। आखिर कब तक बड़े समाज के लोग गरीबों की इज्जत से खिलवाड़ करते रहेंगे। आजादी के 80 वर्ष बाद भी दलित कहा खड़ा है। इस घटना से सच्चाई सामने आ गई हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई राजनेता और राजनीतिक दल बाबा साहेब की कोली भरते हैं और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान करते हैं। लेकिन व्यवहार में क्या हो रहा है? इस दौरान कैलाश चंदोला के अलावा प्रमोद चिन्डालिया, राजकुमार सिद्धार्थ, मिथुन पार्चा, प्रवीन कुमार, अर्जुन, रविन्द्र बेनीवाल, कपिल आदि मौजूद रहे।

# रामपुर व चिलकाना में चला विशेष अभियान





शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** सरकार के नारी सशक्तिकरण एवं एंटी रोमियो फेज-0.5 के अंतर्गत पुलिस टीम ने विशेष जागरूकता अभियान चला कर महिलाओं बेटियों को हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी।

कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम प्रभारी एसआई देवेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान व ब्लॉक कॉलोनी में बालिकाओं/महिलाओं से सीधे संवाद किया और साइबर फ्रॉड,डिजिटल अरेस्ट के प्रति जागरूक किया और भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या असामाजिक गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**चिलकाना।** महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर के नुक्कड़, चौराहों पर महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा व साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गये, हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।

शुक्रवार को मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला उपनिरीक्षक सुमन के नेतृत्व में महिला मुख्य आरक्षी सुनिता व रचना ने नगर के मुख्य चौराहों, बाजार, बस स्टैंड व बैंकों पर आने जाने वाली महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनकी सुरक्षा के साथ साथ स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## सम्पादकीय

शनिवार, 10 जनवरी 2026

# भारत की चिंता

शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने भारत के सामने इस समय जो चुनौतियां हैं, उन पर खुलकर जवाब दिए। साथ ही बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यकों पर विशेषकर हिन्दुओं पर हमले हो रहे हैं, उस पर खुलकर बात की और बांग्लादेश को नसीहत दी कि वह इस तरह के कृत्यों पर जितना जल्दी हो सके, रोक लगाए। उसके साथ उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड को लेकर भी अपनी बात को रखा। जाहिर है यह वार्ता इस वक्त हो रही है, जब पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को असहज करने वाली भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। गुरुवार को तो उन्होंने सीधे ही चीन, भारत, ब्राजील जैसे देशों को 500 प्रतिशत तक टैरिफ शुल्क भुगतने की सीधी चेतावनी ही नहीं दी, बल्कि इसको लेकर वह एक विधेयक भी ले आए, जो अगले हफ्ते वहां की सीनेट में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। चीन पर भी जायसवाल ने बात की और बताया कि शक्सगाम घाटी में भारत–चीनी गतिविधियों पर पूरी नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शक्सगाम भारतीय क्षेत्र है और इसकी जमीनी हकीकत को बदलने के प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के सामने लगातार विरोध जताया है। अमेरिका की तरफ से भारत को लेकर जिस तरह के समाचार आ रहे हैं निश्चित रूप से वह चिंता पैदा करने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जब से राष्ट्रपति पद संभाला है, तभी से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है और भारत पर अमेरिकी टैरिफ का दबाव डाला जा रहा है। अमेरिका के साथ पर्दे के पीछे जो ट्रेड वार्ताएं अब तक हुई हैं वे कोई रिजल्ट नहीं दे पाई हैं। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड ल्यूटनिक ने कहा है कि व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि पीएम मोदी ने ट्रम्प से बात नहीं की। ल्यूटनिक के अनुसार डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। उन्होंने दावा कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए मोदी को ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी, जिसके लिए पीएम मोदी सहज दिखाई नहीं दिए और यह कॉल नहीं की गई। जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति से डील थी और वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सबकुछ करते हैं, सबकुछ पहले से तय था। ल्यूटनिक ने यह भी दावा कि जिन शर्तों पर भारत–अमेरिका के बीच व्यापार समझौता तय माना गया था वह अब लागू नहीं है और अमेरिका अब पीछे हट चुका है। ऐसा कहकर शायद वह यह कहना चाह रहे हैं कि अमेरिका अब इस पर कोई बात नहीं करेगा। ल्यूटनिक की बातों से यह भी लगता है कि यह समझौता एकतरफा था यानि भारत उन शर्तों को नहीं मान सकता, जो अमेरिका चाहता है। जाहिर है यह विवाद और अधिक गहरा सकता है।

## कानून सबके लिए बराबर कब होगा




भाजपा सरकार के शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार का प्रतीक बन गई है, भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है, उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस अति महत्वपूर्ण व्यक्ति को बचा रहा है, यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा, उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। **राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# पारिस्थितिकी की रक्षा के लिए स्थानीय समुदायों की भूमिका अहम

**चैंपियन ऑफ के नाम से मशहूर माधव गाडगिल का इस दुनिया से चले जाना पर्यावरण और बायोडाइवर्सिटी को भारी हानि है।**



**एम. इमरान**



माधव गाडगिल भारत के उन अग्रणी पर्यावरण वैज्ञानिकों में माने जाते हैं जिन्होंने पारिस्थितिकी को केवल एक अकादमिक विषय न मानकर उसे समाज, लोकतंत्र और जनभागीदारी से गहराई से जोड़ा। उनका पूरा जीवन कार्य इस विचार के इर्द–गिर्द घूमता है कि प्रकृति की रक्षा तभी संभव है जब स्थानीय समुदायों को निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक समझ के साथ सम्मान दिया जाए। माधव गाडगिल का योगदान केवल शोध पत्रों या रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने भारत में पर्यावरणीय सोच की दिशा को बदलने का प्रयास किया।

माधव गाडगिल का जन्म 1942 में हुआ और उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में उच्च शिक्षा प्राप्त की। विदेश में अध्ययन और शोध के अवसर होने के बावजूद उन्होंने भारत लौटकर यहां की जैव विविधता और पर्यावरणीय समस्याओं पर काम करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पारिस्थितिकी की समझ पश्चिमी मॉडल से अलग होनी चाहिए, क्योंकि यहां की सामाजिक संरचना, आजीविका के साधन और प्रकृति पर निर्भरता की परंपराएं भिन्न हैं। इसी सोच ने उनके काम को विशिष्ट बनाया। गाडगिल ने भारतीय पारिस्थितिकी की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि पारिस्थितिकी केवल जंगलों और वन्य जीवों का अध्ययन नहीं है, बल्कि यह मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंधों की भी गहरी पड़ताल करता है। उन्होंने ग्रामीण समाजों, आदिवासी समुदायों और मछुआरों जैसे समूहों के जीवन का अध्ययन किया और दिखाया कि कैसे उनकी परंपराएं सदियों से संसाधनों के संरक्षण में सहायक रही हैं। उनके अनुसार पारंपरिक ज्ञान किसी भी आधुनिक नीति निर्माण में उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए। माधव गाडगिल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान पश्चिमी घाटों के संरक्षण से जुड़ा माना जाता है। पश्चिमी घाट भारत के जैव विविधता हॉटस्पॉट्स में से एक हैं और यहां हजारों प्रजातियां पाई जाती हैं। इस क्षेत्र पर बढ़ते विकास, खनन, बांध निर्माण और वनों की कटाई से गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। इसी संदर्भ में भारत सरकार ने पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल का गठन किया और माधव गाडगिल को इसका अध्यक्ष बनाया गया। इस समिति की रिपोर्ट, जिसे आमतौर पर गाडगिल रिपोर्ट कहा जाता है, भारतीय पर्यावरण इतिहास की सबसे चर्चित और विवादास्पद रिपोर्टों में से एक बन गई।

गाडगिल रिपोर्ट का मूल विचार यह था कि पश्चिमी घाटों को उनकी पारिस्थितिक संवेदनशीलता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया जाए और विकास गतिविधियों को उसी के अनुरूप नियंत्रित किया जाए। उन्होंने पूरे पश्चिमी घाट क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने की सिफारिश की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इसका अर्थ विकास को पूरी तरह रोकना नहीं है, बल्कि उसे स्थानीय परिस्थितियों और प्रकृति की क्षमता के अनुसार ढालना है। रिपोर्ट में खनन, बड़े बांधों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर कड़े प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इस रिपोर्ट की सबसे अनोखी बात यह थी कि इसमें स्थानीय स्वशासन संस्थाओं, जैसे ग्राम सभाओं और पंचायतों, को निर्णय लेने में प्रमुख भूमिका देने पर जोर दिया गया। गाडगिल का मानना था कि ऊपर से थोपे गए नियम अक्सर जमीन पर सफल नहीं होते, जबकि स्थानीय लोग अपनी जरूरतों और पर्यावरण के बीच संतुलन बेहतर ढंग से समझते हैं। यह विचार भारतीय लोकतंत्र में पर्यावरणीय शासन को अधिक सहभागी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। हालांकि गाडगिल रिपोर्ट को तीव्र विरोध का भी सामना करना पड़ा।

कुछ राज्य सरकारों और उद्योग समूहों ने इसे विकास विरोधी करार दिया। उनका तर्क था कि इतनी कड़ी सिफारिशें आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बाधित करेंगी। लेकिन गाडगिल ने बार–बार यह स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विकास को रोकना नहीं, बल्कि उसे टिकाऊ बनाना है। वे कहते थे कि अल्पकालिक लाभ के लिए यदि हम प्रकृति को नष्ट कर देंगे, तो दीर्घकाल में इसका खामियाजा समाज को ही भुगतना पड़ेगा। माधव गाडगिल ने पर्यावरणीय नीतियों में पारदर्शिता और जनसंवाद की आवश्यकता पर भी लगातार जोर दिया। उनका मानना था कि वैज्ञानिकों को प्रयोगशालाओं और विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज के साथ संवाद करना चाहिए। उन्होंने कई बार कहा कि यदि पर्यावरणीय निर्णयों को आम लोगों की भाषा में नहीं समझाया जाएगा, तो वे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे। इसी कारण वे लेखन, व्याख्यान और सार्वजनिक चर्चाओं के माध्यम से लगातार सक्रिय रहे। उनका एक महत्वपूर्ण योगदान भारत में जैव विविधता कानूनों के निर्माण और क्रियान्वयन से भी जुड़ा है। वे राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण से जुड़े रहे और जैव विविधता अधिनियम के पीछे की सोच को आकार देने में उनकी भूमिका रही। इस कानून का उद्देश्य न केवल जैव विविधता का संरक्षण करना था, बल्कि स्थानीय समुदायों के अधिकारों को मान्यता देना और जैव संसाधनों से होने वाले लाभों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना भी था।

यह दृष्टिकोण गाडगिल की उस सोच को दर्शाता है जिसमें संरक्षण और सामाजिक न्याय एक–दूसरे से अलग नहीं हैं। माधव गाडगिल ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु से लंबे समय तक जुड़े रहे और वहां पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान को एक मजबूत अकादमिक आधार प्रदान किया। उनके कई शिष्य आज देश–विदेश में पर्यावरणीय शोध और नीति निर्माण में सक्रिय हैं। उन्होंने हमेशा छात्रों को केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रहने, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकारों को भी समझने के लिए प्रेरित किया। उनकी लेखनी भी उतनी ही प्रभावशाली रही जितना उनका वैज्ञानिक कार्य। उन्होंने अंग्रेजी और मराठी सहित विभिन्न भाषाओं में लिखा और जटिल वैज्ञानिक विषयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया।

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर–मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**

यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।



हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर–कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर–मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# बांग्लादेशी खिलाड़ी के बहाने अभिनेता शाहरुख के विरोध का स्तर व औचित्य



**निर्मल रानी**

भारतीय गोदी मीडिया ने पिछले दिनों बहस के लिए जिस सबसे ज्वलंत मुद्दे को बहस के लिए जरूरी समझा वह था आई पी एल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी के खरीदने पर शाहरुख का विरोध और इस पर चर्चा करना। गौरतलब है कि बंगलादेश में छात्रों और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना की सरकार 5 अगस्त 2024 को गिर गई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था साथ ही वे बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। उसी समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा व प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। कई हिन्दुओं को लक्षित कर जान से मारा जा चुका है। ऐसे में भारतीयों में बंगला देश के विरुद्ध गुस्सा स्वाभाविक है। इसी बीच प्रत्एक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन प्रीमियर लीग (आई पी एल) की विभिन्न टीमों ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर खरीदा। ऐसा ही एक बांग्लादेशी तेज गेंदबाज था मुस्तफिजुर रहमान। इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2026 की नीलामी में रिकार्ड 9.2 करोड़ रूपए की बोली लगाकर खरीदा था। यह IPL इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली थी। कोलकाता नाइट राइडर्स अथवा KKR के मुख्य रूप से जो तीन लोग मालिक हैं उनके नाम हैं बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अभिनेत्री जूही चावला और उनके पति जय मेहता। गोया यह तीनों ही ज़्रज़्त टीम के सह–मालिक हैं परन्तु बी सी सी आई की मर्जी से इस बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान का नाम नीलामी पूल में शामिल किए जाने के बावजूद तथा शाहरुख के साथ साथ जूही चावला और उनके पति जय मेहता के पास भी KKR का स्वामित्व होने के बावजूद साम्प्रदायिकता में ही प्रसिद्धि तलाशने वाले कुछ पेशेवर किस्म के सम्प्रदायकतावादियों द्वारा अपने निशाने पर केवल शाहरुख खान को ही लिया गया। हालांकि इस सम्बन्ध में आने वाली ताजा खबरों के अनुसार अब बीसीसीआई ने के आर के को बांग्लादेश के इस तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से अलग करने व इसके बदले किसी दूसरे खिलाड़ी को रखने की अनुमति दे दी है परन्तु इस विषय पर बी सी सी आई ,जूही चावला व जय मेहता को छोड़कर केवल शाहरुख खान के विरोध में इस्तेमाल किए गए शब्दों व उसके पीछे छुपे इरादों ने न केवल एक बार फिर सम्प्रदायवाद आधारित एक बहस को जन्म दे दिया है बल्कि इसी बहाने सोशल मीडिया पर शाह रुख व निहायत ही घटिया शब्दों में उनकी आलोचना करने वालों की पारिवारिक पृष्ठभूमि व देश के प्रति उनके योगदान व कुर्बानियों की भी तुलनात्मक चर्चा की जाने लगी है। शाहरुख को किसी ने गद्दार कहा तो किसी ने देशद्रोही बताया जबकि कुछ लोगों ने आई पी एल में ज़्रज़्त बॉयकॉट की बात की। इस विरोध का कारण केवल यही था कि शाहरुख खान मुस्लिम हैं और बंगलादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान भी मुस्लिम हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इन दिनों भारत में पनाह लिए हुए हैं। किसी श्स्वयंभू राष्ट्रवादी श्को कोई आपत्ति नहीं है। पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी धर्मात्मा को बुरा लगा न किसी राष्ट्रवादी नेता को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नजर आया तो वह शाहरुख खान ? वह शाहरुख खान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्हें उनके लंबे और शानदार फिल्मी कैरियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। वे बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं और उन्होंने 15 फिल्म फेयर अवॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। शाहरुख को 2025 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिल चुका है। यह उनका पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। इसके अलावा उन्हें कई स्क्रीन अवॉर्ड्स, जी सिने अवॉर्ड्स, प्प्थ। अवॉर्ड्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड्स हासिल हो चुके हैं। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें देश का सर्व प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार 2005 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है। इसी तरह 2007 में फ्रांस सरकार द्वारा ऑड्रे दे आर्ट्स एट दे लेट्र्स अवार्ड मिला जबकि 2014 में फ्रांस की सबसे ऊंचा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ ऑनर भी मिल चुका है। उन्होंने 2018 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए नेतृत्व करने हेतु क्रिस्टल अवॉर्ड प्राप्त किया। जबकि 2011 में बच्चों की शिक्षा के लिए दान कार्य हेतु यूनेस्को का पिरामाइड कॉन मार्नी अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख खान को एडिनबरा यूनिवर्सिटी, बेडफोर्डशायर यूनिवर्सिटी, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी आदि से डॉक्टरेट की कई मानद मिल चुकी हैं। इसी तरह 2024 में उन्हें लोकर्नो फिल्म फेस्टिवल (स्विट्जरलैंड) पार्डो आला कारिएरा का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल हो चुका है। शाहरुख खान ने 2013 में मीर फाउन्डेशन के नाम से एक गैर –लाभकारी समाज सेवी संस्था गठित की हुई है। जिसके माध्यम से वे एसिड अटैक सर्वाइवर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत,पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी कई सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे इस काम के लिए खामोशी से और बिना किसी प्रचार व दिखावे के दान करते हैं।

उनकी ये सेवाएं महिलाओं सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित हैं। इसी मीर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ में हजारों बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट्स, भोजन, स्वच्छ पानी आदि मुहैया कराया और सैकड़ों क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दिया। उनके द्वारा COVID–19 के दौरान स्वास्थ्य उपकरण दान किए गए। केरल व चेन्नई की बाढ़ में आर्थिक सहायता दी गई । शाहरुख खान नानावती अस्पताल में अपनी मां के नाम पर कैंसर विभाग चलाते हैं तथा बच्चों के कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाते हैं। बाल साक्षरता और अस्पताल निर्माण में सहयोग करते हैं। वे मेक–ए–विश फाउंडेशन संस्था के माध्यम से बच्चों की इच्छाएं भी पूरी करते हैं। जहां तक शाहरुख खान को गद्दार या देशद्रोही कहने का प्रश्न है तो ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले जहरीले लोगों को अपने पारिवारिक संस्कारों की तुलना भी शाहरुख खान के पारिवारिक संस्कारों से जरूर करनी चाहिए। गौरतलब है कि आजाद हिन्द फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान शाहरुख खान की मां लतीफ फातिमा को अपनी बेटी के समान समझते थे। यहां तक कि शाहरुख के पिता मीर ताज मोहम्मद खघन से लतीफ फातिमा की शादी भी शाह नवाज खघन के बंगले में ही हुई थी।

यह साबित करता है कि कर्नल शाहनवाज खान का शाहरुख के परिवार से गहरा आत्मीय रिश्ता था। इसीलिए यह भी कहा जाता है कि शाहरुख खान की मां लतीफ फातिमा को आजाद हिन्द फौज के मेजर जनरल शाह नवाज खान ने गोद लिया था या वे उनके लिए पितातुल्य थे। ऐसे संस्कारों में परवरिश पाने वाले शाहरुख खान को गद्दार व देशद्रोही जैसी उपाधियां देने वालों को अपने पारिवारिक संस्कारों व देश के प्रति शाहरुख की कुर्बानियों व सेवाओं की तुलना जरूर करनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इटली की लुक्रेशिया माघ मेले में कर रही है भजन कीर्तन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर माघ मेला के दौरान इटली से आई 22 साल की लुक्रेशिया दिन-भर भजन-कीर्तन करती हैं। भारतीय संस्कृति में रमी लुक्रेशिया का कहना है कि महाकुंभ ने उनकी जिंदगी ही बदल दी है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था।

सनातन की शक्ति को समझकर उन्होंने इसे अपनाने का फैसला किया। विदेशी होकर भी भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से गहरा जुड़ाव और सबका ध्यान खींच रहा है। लुक्रेशिया सनातन धर्म अपना चुकी हैं। अपने गुरु मनमौजी राम पुरी से दीक्षा भी ले चुकी हैं। लुक्रेशिया महाकुंभ के दौरान भी प्रयागराज आई थीं। संगम लोअर मार्ग स्थित नेमिषारण्य आश्रम में रह रहीं लुक्रेशिया 'जय सियाराम', 'जय सीताराम' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ मंत्रोच्चार सीख रही हैं। भारतीय संस्कृति की तरफ उनका झुकाव, साधना और श्रद्धा के मेले में हर तरफ चर्चा हो रही है। मेले में साधु-संतों के साथ लुक्रेशिया भी साधना में लीन हैं। आश्रम में हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करती हैं। भक्ति गीतों व मंत्रों का अभ्यास करती हैं। विदेशी पहनावे के बावजूद उनके विचार और भाव पूरी तरह भारतीय सनातन संस्कृति में रचे-बसे दिखाई देते हैं। लुक्रेशिया ने कहा कि सनातन धर्म ने मुझे अंदरूनी शांति दी है। जीवन को समझने की नई दिशा दी है। मैं तीसरी बार भारत आई हूं। 2024 में मैंने राजस्थान की यात्रा की थी। जहां भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से मेरा गहरा जुड़ाव हो गया। इसके बाद साल 2025 में मैं महाकुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचीं। विशाल जनसमूह और भव्य आयोजन को देखकर मैं अभिभूत हो गई। अब मैं माघ मेले के दौरान वह अपने गुरु के पास आई हूं। अब मैं दीक्षा लेकर सनातन परंपरा को करीब से समझ रही हूं। लुक्रेशिया ने कहा कि यह साल मेरे जीवन में एक नई और सकारात्मक शुरुआत लेकर आया है।

## इक्वाडोर में हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए

**क्विटो।** इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में मोकोली द्वीप पर एक निजी रिहायशी परिसर के अंदर बुधवार देर रात हुए हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए। गृह मंत्री जॉन रीमबर्ग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बंदूकधारी कई सुरक्षा घेरों को तोड़कर मोकोली गोल्फ क्लब के स्पोर्ट्स कोर्ट में जबरन घुस गए। कई गाड़ियों में आए हमलावरों ने पुलिस या सेना जैसी वर्दी पहनी हुई थी और उनके पास पिस्तौल और राइफलें थीं। रीमबर्ग ने इक्वाविसा टेलीविजन को बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि पीड़ित कॉम्प्लेक्स में मेहमान थे। तीनों का आपराधिक रिकॉर्ड था जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या और डकैती जैसे अपराध शामिल थे।

### भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का दावा

# वैश्विक अनिश्चितताओं से पार पा लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का मानना है कि तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी घरेलू मांग के दम पर आने वाले समय में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। गौरोवे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत दुनिया के कई अन्य देशों जितनी खुली अर्थव्यवस्था नहीं है।

यह बाहरी कारकों के प्रति उतना संवेदनशील नहीं है। यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत इस समय 'लाभ की स्थिति' में है। उल्लेखनीय है कि सरकार के पहले अग्रिम अनुमान के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की गुरुवार को जारी 'विश्व आर्थिक स्थिति एवं परिदृश्य' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। साथ ही, अगले दो साल भारत के

**■ यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा**

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में क्रमश: 6.6 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। संयुक्त राष्ट्र के अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत में पारिवारिक खर्च ऊंचा बना हुआ है, सार्वजनिक निवेश मजबूत है और ब्याज दर कम है। ये सभी कारक विकास को गति दे रहे हैं। हालांकि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर ऊंचे आयात शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का दबाव भी है। घरेलू चुनौतियों के बारे में गौरोवे ने कहा कि दुनिया के कई अन्य देशों की तरह भारत भी सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर की समस्या से जूझ रहा है। देश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने पर खर्च हो जाता है। इसके अलावा बेरोजगारी भी एक समस्या है। उन्होंने कहा कि ऋण के बोझ का असर हर देश पर अलग-अलग होता है, और भारत पर दूसरे दक्षिण एशिया देशों के मुकाबले दबाव कम है। कई देशों को इसके कारण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मदद मांगनी पड़ी है। भारत सरकार का ऋण बनाम जीडीपी अनुपात पिछले वित्त वर्ष में 57 प्रतिशत से ऊपर था। सरकार ने इसे चालू वित्त वर्ष में 56.1 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है। वित्त वर्ष 2018-19 में जीडीपी की तुलना में ऋण घटकर 48.9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद यह बढ़कर 61.4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए बताया था कि कुल व्यय का 20 प्रतिशत हिस्सा सरकार ऋणों के ब्याज की अदायगी पर खर्च करेगी। गौरोवे ने कहा कि बदलती वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों में अब दुनिया के कई देश अपने इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्रों में विविधता ला रहे हैं जिसका फायदा भारत को मिल रहा है।

# ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत

## तेहरान में अशांति और हिंसा के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने देश के लोगों को संबोधित किया

**तेहरान।** तेहरान में अशांति के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने ट्रम्प को अमेरिका की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी है। खामेनेई ने कहा कि प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी देश को बर्बाद कर रहे हैं। खामेनेई ने साफ कहा है कि देश विदेशियों के भाड़े के सैनिकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम नेता का यह ईरानी सरकारी टीवी की ओर से विरोध प्रदर्शनों पर एक रिपोर्ट में हिंसा भड़काने के लिए इजरायल और अमेरिका के 'आतंकी एजेंटों' को दोषी ठहराए जाने के बाद आया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने रात भर देशभर में फैले प्रदर्शनों पर अपनी चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल के 'आतंकी एजेंटों' ने आगजनी की और हिंसा भड़काई। अपनी दैनिक सुबह की ब्रीफिंग में सरकारी टीवी ने कहा कि निजी कारों, बाइक, मेट्रो जैसे सार्वजनिक स्थानों, दमकल गाड़ियों और बसों में आग लगाई गई है। ईरान में बीते दो हफ्तों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। बढ़ती महंगाई और गिरती मुद्रा को लेकर जनता का आक्रोश फैल गया, जिसके बाद ईरान सरकार के खिलाफ लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। खामेनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में खामेनेई ने विदेशी समर्थित तत्वों पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि सभी को यह जान लेना चाहिए कि इस्लामी गणतंत्र



**■ दूसरे देश को खुश करने के लिए किए जा रहे प्रदर्शन**

हजारों सम्मानित लोगों के खून के दम पर सत्ता में आया है और यह उपद्रवियों के सामने पीछे नहीं हटेगा। राजधानी में जारी अशांति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें देश चलाना आता होता तो वे अपना देश ठीक से चलाते क्योंकि अमेरिका के भीतर ही कई समस्याएं हैं। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के हाथ 1000 से अधिक ईरानियों के खून से रंगे हुए हैं। उनके इस बयान को जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के संदर्भ में देखा जा रहा है। खामेनेई ने अपने समर्थकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए युवाओं से कहा कि अपनी तैयारी और एकता बनाए रखें क्योंकि एक एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन पर विजय प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ईरान में आर्थिक नीतियों को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। ईरान में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच कुछ प्रदर्शनकारी देश में शाह वंश की वापसी की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी निर्वासित युवराज रजा पहलवी के आह्वान का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। अशांत ईरान में प्रदर्शनकारियों ने 'पहलावी वापस आएंगे' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्वासित युवराज रजा पहलवी अगले सप्ताह मार-ए-लागो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि अभी तक इस मुलाकात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ट्रम्प और पहलवी की मुलाकात यरुशलम प्रेयर ब्रेकफास्ट में होगी। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि स्वीडन प्रदर्शनकारियों की आवाज सुनता है और उनकी 'स्वतंत्रता के लिए साहसी लड़ाई' का समर्थन करता है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि ईरानी जनता एक बार फिर दमन के खिलाफ उठ खड़ी हुई है। हम उनकी आवाज सुनते हैं और स्वतंत्रता के लिए उनके साहसी संघर्ष का समर्थन करते हैं। स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य की स्पष्ट मांगों को हिंसा और दमन से लंबे समय तक चुप नहीं कराया जा सकता। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने भी ईरान के प्रदर्शनकारियों की प्रशंसा की। बेल्जियम पीएम ने कहा कि कई वर्षों के दमन और आर्थिक कठिनाइयों के बाद साहसी ईरानी स्वतंत्रता के लिए खड़े हो रहे हैं। वे हमारे पूर्ण समर्थन के पात्र हैं। हिंसा के माध्यम से उन्हें चुप कराना अस्वीकार्य है। राजधानी तेहरान के पूर्वी हिस्से में एक हिंसक घटना सामने आई। एक सरकारी इमारत में आग लगा दी गई।

## ट्रम्प का दावा: ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यह ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर है। मशहद में इमाम रजा का पवित्र दरगाह भी है, जो शिया

**■ ईरान के 100 शहरों में 13 दिनों से महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन जारी, अब तक 45 की मौत**

मुसलमानों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है। हालांकि, शहर पर कब्जे को लेकर ट्रम्प के दावे की पुष्टि नहीं हो पाई है। किसी भी भरोसेमंद रिपोर्ट में यह साबित नहीं हुआ है कि सुरक्षा बल पूरी तरह शहर छोड़ चुके हैं या मशहद पूरी तरह प्रदर्शनकारियों के कब्जे में चला गया है। ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए।

## कीव पर रूसी हमलों में चार लोगों की मौत 25 अन्य घायल

**कीव।** यूक्रेन पर पूरी रात रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल से हमला किया जिसमें राजधानी कीव में कम से कम चार लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। कीव के अभियोजक कार्यालय ने कहा कि मृतकों में से तीन एक आवासीय परिसर के निवासी थे और चौथा 58 वर्षीय आपातकालीन चिकित्सा कर्मी था जिसकी सहायता प्रदान करने के दौरान मौत हो गई। कार्यालय ने यह भी कहा कि घायलों में चिकित्सा कर्मी, बचावकर्मी और एक पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इस हमले से कीव के सात जिले प्रभावित हुए, जिसमें दूतावास भवन, एक किंडरगार्टन और अन्य सुविधाओं सहित 19 अपार्टमेंटों को नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने हमले में 242 ड्रोन और 36 मिसाइलें दागीं, जिनमें रूसी रॉकेट प्रक्षेपण परिसर, कपुस्टिन यार परीक्षण स्थल से दागी गई एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने इस हमले को अंजाम दिया, जिसमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का उपयोग किया गया, जो परमाणु पेलोड ले जाने में भी सक्षम है और इसका लक्ष्य यूक्रेन में महत्वपूर्ण सुविधाएं थीं।

# ट्रम्प बोले: मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल्स का राज चल रहा

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने शीनबाम से कई बार अमेरिकी सैनिक भेजकर कार्टेल्स को खत्म करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। शीनबाम ने जोर देकर कहा कि मेक्सिको एक

**■ जमीनी हमले कर इन्हें खत्म करेंगे, मेक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं: अमेरिका कहीं का मालिक नहीं**

स्वतंत्र और संप्रभु देश है। यहां सहयोग तो किया जा सकता है, लेकिन हस्तक्षेप नहीं। उन्होंने ड्रग तस्करी रोकने में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग का जिक्र किया, लेकिन अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को सिरे से नकार दिया। ट्रम्प ने अक्टूबर 2025 में कहा था कि वो ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा अमेरिकी न्यूज चौनल एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट में किया गया था। रिपोर्ट में दो मौजूदा और दो रिटायर्ड अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस मिशन में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) भी शामिल हो सकती है। इन अधिकारियों के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन ने मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स को निशाना बनाने के लिए इस आपरेशन की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस संभावित मिशन से जुड़ी शुरुआती ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। प्लान के मुताबिक, मेक्सिको की जमीन पर भी आपरेशन हो सकता है।

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में कड़ाके की ठंड जारी

## तापमान में तेजी से गिरावट, द्रास का तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इन दिनों शीत लहर के साथ कड़ाके की ठंड की गिरफ्त में है। पूरे क्षेत्र में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर मौसम का अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है।



मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में इस मौसम की सबसे सर्द रात रिकॉर्ड की गई, जबकि द्रास न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस के साथ लद्दाख में सबसे ठंडा स्थान रहा। कड़ाके की ठंड के कारण श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील के किनारे बर्फ की चादरें जम गई है। विभाग के अनुसार कश्मीर घाटी, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 5.1 से नीचे है। अनंतनाग जलि के पहलगाम पर्यटक रिजॉर्ट में कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 9.2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया था। दक्षिण कश्मीर में, पुलवामा और शोपियां में क्रमश: शून्य से नीचे 7.5 और 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह जम्मू में तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटरा में 3.5, बनिहाल में शून्य से नीचे 0.9, बटोटे में 1.0, भद्रवाह में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री, कठुआ में 6.0, और पुंछ में 1.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा स्थान रहा। लेह में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि कारगिल में तापमान शून्य से नीचे 13.2 तक गिर गया।

# रूस का यूक्रेन पर 242 ड्रोन और 35 मिसाइलों में हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर गुरुवार रात बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 242 ड्रोन, 13 बैलिस्टिक मिसाइलें, एक ओरेशनिक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल और 22 क्रूज मिसाइलें दागीं।

हमले के बाद कई इलाकों में बिजली और हीटिंग सप्लाई बाधित हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है और एनर्जी स्टाफ की बैठक बुलाकर मरम्मत और संसाधनों की समीक्षा की जाएगी। हमले में



**■ जेलेंस्की बोले: हमले 4 की मौत, दर्जनों घायल**

यूक्रेन स्थित कतर दूतावास की एक इमारत भी ड्रोन की चपेट में आई।

# अमेरिका दो रूसी नागरिकों को करेगा रिहा

## तीन भारतीयों समेत अन्य के भविष्य पर संशय बरकरार

**मास्को।** रूस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अमेरिकी सेना ने जिस तेल टैंकर को अपने कब्जे में लिया था, उससे दो रूसी नागरिकों को रिहा करने के लिए अमेरिका मान गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है।

हालांकि, जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। मामले में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने बुधवार को उत्तरी अटलांटिक में रूसी झंडे वाले टैंकर 'मैरिनेरा' (पूर्व नाम बेला 1) को जब्त कर लिया था। इस जहाज पर कुल मिलाकर 17 यूक्रेनी, छह जार्जियाई, तीन भारतीय और दो रूसी नागरिक सवार थे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया कि उनके अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति



**■ जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है**

डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों रूसी नागरिकों को रिहा करने का फैसला लिया है। जखारोवा ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और अमेरिकी नेतृत्व का आभार जताते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वे अपने नागरिकों की जल्द घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, रूसी बयान में भारतीयों या अन्य देशों के नागरिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। रूसी विदेश मंत्रालय की यह बयान मास्को द्वारा वाशिंगटन से समुद्री नेविगेशन की स्वतंत्रता पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने और उसकी 'नव-उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को सख्ती से खारिज करने के एक दिन बाद आई है। गुरुवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम वाशिंगटन से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों का पालन करने और मैरिनेरा टैंकर जैसे जहाजों के खिलाफ अवैध कार्रवाई बंद करने की मांग करते हैं। दूसरी ओर, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट किया कि टैंकर को अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ा गया है।


# पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे: डेनमार्क

## कहा: हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं, ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

**कोपनहेगन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।

बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया

**■ यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था**



था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है। पिछले साल एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने बार-बार कहा है कि हमारा देश बिकाऊ नहीं है। 1951 का छोटा रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, जिसमें ग्रीनलैंड की सेमी-आटोनामस सरकार को शामिल किया गया, ताकि अमेरिकी सैन्य गतिविधियां स्थानीय लोगों को प्रभावित न करें। इस समझौते की शुरुआत दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ, जब डेनमार्क नाजी कब्जे में था और उसके वाशिंगटन दूत ने अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। उन्हें डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। उस समय अमेरिकी सैनिकों ने द्वीप पर कई आधार बनाए और जर्मनों को हटाया। युद्ध के बाद अमेरिका ने कुछ बेस अपने पास रखे, लेकिन कोल्ड वार खत्म होने पर ज्यादातर बंद कर दिए। अब अमेरिका के पास सिर्फ पिटुफिक स्पेस बेस बचा है, जो मिसाइल ट्रैकिंग करता है। डेनमार्क की भी वहां हल्की मौजूदगी है, जैसे डाग स्लेज वाली स्पेशल फोर्सेस। हाल में डेनमार्क ने अपनी बेस अपग्रेड करने का वादा किया है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है।

